Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -101 शुक्रवार,10 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*मुंह तक भरे घड़े से आवाज नहीं नकलती। आधा भरा घड़ा ही आवाज करता है।*

-सुभाषित-

## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई




**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने एक आवेदन दायर कर आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने याचिका में भारत के लोकपाल के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी है। अदालत ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 15 मार्च को होनी तय की।

### सीजीएसटी अधिकारी के घर सीबीआई का छापा




**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** महंगी घड़ियां समेत करोड़ों की संपत्ति बरामद देश भर में इन दिनों सीबीआई, आईटी और ईडी की टीम अलग-अलग राज्यों में छापेमारी कर बेनामी संपत्ति जब्त कर रही है। इन्फॉर्मेशन मिलने पर पूरी टीम लगातार नेताओं, अधिकारीयों और रसूखदारों के ठिकानों पर रेड मार रही है। इसी सिलसिले में सीबीआई ने आज गुरुवार को सीजीएसटी अधिकारी के घर छापा मारा जिसमे टीम को बेनामी संपत्ति और लाखों के कैश बरामद हुए।
सीबीआई ने आज गुजरात के गांधीधाम में सीजीएसटी सहायक आयुक्त के घर छापेमारी की है। अधिकारी महेश चौधरी के गुजरात और राजस्थान आवास पर छापेमारी के बाद भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। इतना ही नहीं 42 लाख रुपये की नकदी, विदेशी मुद्रा, गहने, महंगी घड़ियां और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

### 2011 के बाद से 16 लाख लोगों ने छोड़ी भारतीय नागरिकता



**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** सरकार के द्वारा गुरुवार को राज्यसभा में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2011 से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ दी है। इनमें से 2,25,620 भारतीय ऐसे हैं जिन्होंने पिछले साल भारतीय नागरिकता छोड़ी है।

# मुझे झूठे और मनगढ़ंत आरोपों की परवाह नहीं




### राज्यसभा में पीएम मोदी की विपक्ष को ललकार

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** लोकसभा में 140 करोड़ देशवासियों के भरोसे के रक्षा कवच का ऐलान करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में पूरे विपक्ष को ललकारा। लगभग पूरे भाषण के दौरान विपक्ष के शोर और नारों को परोक्ष रूप से उनकी बौखलाहट करार देते हुए कहा- पूरा देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है।

### कांग्रेस और गांधी परिवार पर निशाना

कांग्रेस और गांधी परिवार पर जोरदार हमला बोलते हुए उन्होंने सत्ता में रहते हुए किये करतूतों को गिनाया और साथ ही कांग्रेस के साथ विपक्ष दलों को उसकी याद भी दिलाई। उन्होंने तात्कालिक लाभ के लिए विपक्ष शासित कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम जैसी लोकलुभावन योजनाओं को अनर्थनीति बताते हुए इसे पूरे देश की आर्थिक सेहत के खतरनाक बताया और इससे बचने का सुझाव दिया।
लोकसभा की तरह ही राज्यसभा में भी विपक्ष की ओर से मोदी पर आरोप ही ज्यादा लगाए गए थे। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले आत्मविश्वास से भरे प्रधानमंत्री ने साफ किया कि देश के लिए अपना जीवन खपा देने के बाद उन्हें विपक्ष के झूठे और मनगढ़ंत आरोपों की परवाह नहीं है। 140 करोड़ देशवासी 2047 में विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ उनके साथ है।

### कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का किया दुरुपयोग

संविधान के संघीय ढांचे की दुहाई देने वाले और सरकार पर हमले में कांग्रेस के साथ खड़े क्षेत्रीय विपक्षी नेताओं को प्रधानमंत्री ने बताया कि किस तरह से आजाद भारत में उनकी चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया गया था। राज्यों के साथ भेदभाव के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस के शासन काल में किस तरह से 90 बार अनुच्छेद 356 का प्रयोग कर चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया गया। इनमें 50 बार अकेले इंदिरा गांधी के समय किया गया।

### शरद पवार को याद दिलाई सरकार गिराने की बात

उन्होंने सदन में बैठे शरद पवार को 1982 में उनकी सरकार गिराये जाने के साथ ही वामपंथी दलों को केरल में नेहरू के कार्यकाल में पहली चुनी हुई सरकार गिराने की याद दिलाई। इसके साथ ही डीएमके और बीआरएस को बताया कि किस तरह से एमजीआर व करुणानिधि और एनटी रामराव की सरकार गिरा दी गई थी।

### नेहरू सरनेम को लेकर बोले पीएम मोदी

राहुल गांधी की ओर से लगातार निजी आक्षेपों को झेल रहे प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी परिवार को भी निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा- %%यह देश किसी एक परिवार की जागीर नहीं है।%% उन्होंने नेहरू सरनेम से परहेज करने को लेकर भी गांधी परिवार पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि देश में 600 से अधिक योजनाओं के नाम नेहरू और उनके परिवार वालों के नाम पर हैं, लेकिन फिर भी उनके परिवार का कोई व्यक्ति उनका सरनेम नहीं लगाता है।
उन्होंने पूछा कि उनकी पीढ़ी के व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से क्यों शर्मिंदगी है ? उन्होंने बताया कि किस तरह से उनकी सरकार ने परिवार तक सीमित नामकरण को देश के गौरव और शौर्य के साथ जोड़ने का काम किया है। इस सिलसिले में उन्होंने खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद के नाम करने और अंडमान निकोबार के द्वीपों के नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस और परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखने का उल्लेख किया।

### चुनावी लाभ के लिए खिलवाड़ करने पर विपक्ष पर निशाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तात्कालिक चुनावी लाभ के लिए राज्य और देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिशों के प्रति विपक्षी नेताओं को आगाह किया। पुरानी पेंशन स्कीम व अन्य लोकलुभावन योजनाओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यह अनर्थ नीति है। यह देश के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर देगा।
इस प्रवृति पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री ने सभी विपक्षी दलों से अपनी-अपनी राज्य सरकारों से इससे बचने की सलाह देने का अनुरोध किया। श्रीलंका और पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि कर्ज लेकर लोकलुभावन योजनाएं चलाने का परिणाम हम पड़ोसी देशों में देख रहे हैं। इसीलिए देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य दोनों को आर्थिक अनुशासन का पालन करना होगा।

### पीएम ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लगभग 85 मिनट के भाषण में देश की समस्याओं के समाधान में कांग्रेसी सरकारों की विफलताओं और उनके स्थायी समाधान के लिए पिछले नौ सालों में किये गए प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान को राजनीतिक लाभ का साधन बना दिया गया और सिर्फ नारों और दिखावटी कामों के बल पर जनता को गुमराह किया गया उनके अनुसार, पिछले नौ सालों में उनकी सरकार ने इन समस्याओं के संपूर्ण समाधान की दिशा में अहम सफलता हासिल की है और योजनाओं का लाभ धर्म, जाति और क्षेत्र में भेदभाव किये बिना शतप्रतिशत लोगों तक पहुंचाया गया है। उन्होंने इसे सच्ची पंथनिरपेक्षता बताई।

# अदानी विवाद पर राज्यसभा सभापति ने निलंबन नोटिस किया खारिज



### आप ने किया वॉकआउट

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और भारत राष्ट्र समिति के केशव राव द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए निलंबन नोटिस को गुरुवार को खारिज कर दिया, जिसके बाद आप पार्टी ने सदन से वॉकआउट किया। संजय सिंह ने कहा कि सभी नोटिस खारिज कर दिए गए और आरोप लगाया कि सरकार अदानी मुद्दे पर चर्चा को रोक रही है।
उन्होंने बुधवार को भी नियम 267 के तहत कामकाज ठप करने की मांग की थी, लेकिन अध्यक्ष ने नोटिस को खारिज कर दिया, जिसके बाद आप ने वाकआउट किया। नोटिस में कहा गया है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद अदानी समूह मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी को घाटा हुआ है। बुधवार को विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अदानी मामले में संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच की मांग को लेकर केंद्र सरकार पर हमला किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में बैठे हुए थे। खड़गे ने कहा, अदानी विवाद की संयुक्त संसदीय समिति की जांच होनी चाहिए, जब सरकार को किसी बात का डर नहीं है तो जेपीसी का गठन करें।

# महिलाएं भी अब मस्जिद में पढ़ेंगी नमाज!

### कोर्ट से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कही ये बात

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** मस्जिद में महिलाओं को भी नमाज पढ़ने की आजादी मिल सकती है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुधवार 8 फरवरी को मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद में नमाज पढ़ने को लेकर हलफनामा दाखिल किया। पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मुस्लिम महिलाओं को मस्जिद में नमाज पढ़ने की इजाजत है।
बोर्ड ने हलफनामे में कहा कि मुस्लिम महिला नमाज अदा करने के लिए मस्जिद में दाखिल होने के लिए स्वतंत्र हैं और यह उन पर निर्भर करता है कि वह मस्जिद में नमाज अदा करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहती हैं या नहीं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ टीएमसी नेता की जमानत याचिका पर सुनवाई टाली

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल की उस याचिका पर सुनवाई 17 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के पशु तस्करी मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार किया गया था। मंडल ने 31 दिसंबर को निचली अदालत के 24 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें उन्हें जमानत नहीं दी गई थी।
विशेष न्यायाधीश ने उन्हें जमानत देने का कोई कारण नहीं पाते हुए आदेश पारित किया था।
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष लोक अभियोजक नीतेश राणा ने कहा था कि मंडल की जमानत अर्जी में कोई दम नहीं है।




ईडी ने सीमा सुरक्षा बल के तत्कालीन कमांडेंट सतीश कुमार के खिलाफ कोलकाता में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मंडल को गिरफ्तार किया था।
मंडल ने हाल ही में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत अनिवार्य रूप से गिरफ्तारी के आधार प्रदान नहीं किए गए थे।
आसनसोल की एक विशेष सीबीआई अदालत ने मंडल को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत को मिली जेड श्रेणी की सिक्योरिटी

### आईबी की रिपोर्ट के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक उन्हें ये सुरक्षा राजस्थान में दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक इंटेलीजेंस ब्यूरो के इनपुट के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है।



जानकारी के मुताबिक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की सुरक्षा बढ़ाई गई है। सरकार ने उन्हें राजस्थान में जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है। बता दें कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली सहित कुछ अन्य राज्यों में जेड कैटेगरी की सुरक्षा मिल रही थी। अब उन्हें ये सुरक्षा राजस्थान में भी दी जाएगी।
सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों जयपुर के महारानी कॉलेज में हंगामा हुआ था। इस दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत भी वहां मौजूद थे। इस घटना के बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो ने उनपर खतरे को देखते हुए थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट सौंपी थी। इसी के आधार पर ये फैसला लिया गया है। अब इसके तहत सीआरपीएफ के कमांडो उनकी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

# पीएफआई की साजिश का हुआ बड़ा खुलासा



### 2047 तक भारत को बनाना चाहता है इस्लामिक स्टेट

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने अपने आरोप पत्र में दावा किया है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) 2047 तक पुलिस मशीनरी को निशाना बनाना चाहता है और भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करना चाहता है। इसके लिए उन्हें कुछ मुस्लिम देशों से फंड मिल रहा था।
चार्जशीट में कहा गया है अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, उन्होंने महाराष्ट्र में सात स्थानों पर गुप्त बैठकें कीं। आरोपी भारतीय संविधान की जगह शरिया कानून स्थापित करना चाहते हैं। आरोपियों ने अंतरराष्ट्रीय फर्मों की मदद से भारत में कानून व्यवस्था की स्थिति को बाधित करने की योजना बनाई।
एटीएस ने आरोपियों में से एक मजहर मंसूर खान के सेल फोन से एक पुस्तिका जब्त की, इसमें भयावह साजिश का उल्लेख किया गया था। बुकलेट में कहा गया है कि भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर वे इस्लामिक स्टेट की स्थापना करेंगे। जिस बुकलेट को वे पीएफआई के सदस्यों को बांट रहे थे, उसमें इस बात का जिक्र था कि वे 2047 तक इस्लामिक स्टेट को कैसे हकीकत बनाएंगे। किताब का शीर्षक था- 'इंडिया 2047, टुवार्डस रूल ऑफ इस्लाम इन इंडिया।'
उपलब्ध चार्जशीट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

# भारतीय न्यायपालिका में कोई आरक्षण नीति नहीं : रिजिजू

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में न्यायपालिका में आरक्षण पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान में भारतीय न्यायपालिका में कोई आरक्षण नीति नहीं है। बावजूद इसके उन्होंने कॉलेजियम से उन लोगों को शामिल करने के लिए कहा, जिनका सिस्टम में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान, डीएमके नेता तिरुचि शिवा ने जजों की नियुक्ति में आरक्षण नीति शुरू करने की संभावना पर सरकार विचार करेगी या नहीं, इससे संबंधित मामला उठाया था।
रिजिजू ने कहा, मौजूदा नीतियों और प्रावधानों के अनुसार, भारतीय न्यायपालिका में कोई आरक्षण नहीं है। मंत्री ने कहा, मैंने सभी न्यायाधीशों और विशेष रूप से कॉलेजियम के सदस्यों को याद दिलाया है कि वे पिछड़े समुदायों,



महिलाओं और अन्य श्रेणियों के सदस्यों को शामिल करने के लिए नामों की सिफारिश करते समय इसे ध्यान में रखें, जिनका भारतीय न्यायपालिका में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।
टीएमसी सदस्य जवाहर सरकार ने न्यायपालिका के साथ मतभेदों और वर्तमान में खाली पड़े उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के 127 प्रस्तावों पर मंत्री से सवाल किया। सरकार ने पूछा, इन प्रस्तावों पर कब विचार किया जाएगा। रिजिजू ने जवाब दिया, विभिन्न उच्च न्यायालयों में 210 रिक्तियां हैं। रिक्तियों के संदर्भ में, मैं कह सकता हूं कि एक बार जब उच्च न्यायालय के तीन सदस्यीय कॉलेजियम द्वारा नामों की सिफारिश कर दी जाती है, तो यह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ती है। ये 210 नाम, जो वह पूछ रहे हैं, हमें कोई प्रस्ताव नहीं मिला है, इसलिए न्यायपालिका के साथ किसी तरह के तीखे मतभेद का सवाल ही नहीं उठता।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई के लिए तैयार हुआ सुप्रीम कोर्ट

### याचिका में साजिश का दावा

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2023 (ए)।** अदाणी समूह और हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के मामले से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया। याचिका में कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई है। सुको ने रिपोर्ट को चुनौती देती याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि विदेशी फर्म ने साजिश रची थी, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। इस रिपोर्ट



को लेकर भारत में सड़क से लेकर संसद तक चर्चाओं का दौर जारी है।
शीर्ष न्यायालय शुक्रवार को याचिकाओं पर सुनवाई करने जा रहा है। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के खिलाफ एड्वोकेट एमएल शर्मा और विशाल तिवारी की तरफ से दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाओं में आरोप लगाए गए हैं कि हिंडनबर्ग ने अडानी स्टॉक्स की शॉर्ट सेलिंग की साजिश रची है, जिससे निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है।

# टैंकर की सफाई के लिए उतरे 7 कर्मचारियों की दम घुटने से मौत

**काकीनाडा ,09 फरवरी 2023 (ए)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक दुःखद घटना सामने आई है। जहां, एक कंपनी में काम करने वाले सात कर्मचारियों की मौत हो गई है। ये सभी लोग फैक्ट्री में ही लगे तेल टैंकर की सफाई के लिए उसके भीतर उतरे हुए थे। सफाई के दौरान ही सातों ने दम तोड़ दिया। माना जा रहा है कि सातों कर्मचारियों की मौत दम घुटने से हुई है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पेद्दापुरम मंडल के जी रागमपेट में स्थित अंबाटी सुब्रन्ना ऑइल कंपनी में इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आसपास के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए हैं। बताया जा रहा है कि नई ऑइल फैक्ट्री की टैंक की सफाई के लिए एक के बाद एक करके 7 लोगों को उसके अंदर उतारा गया था, सभी कर्मचारियों की मौत हो गई है।



घटना के संबंध में पूरी जानकारी सामने आनी बाकी है। अभी तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि टैंकर में कैसा तेल भरा गया था। क्या गैस की वजह से कर्मचारियों का दम घुट गया या फिर कोई और वजह है।

## संपादकीय

# डंडे से समाज सुधार

सरमा को खुद से पूछना चाहिए कि मध्य और समृद्ध वर्ग के परिवारों में बाल विवाह क्यों नहीं होते? जिन समस्याओं का संबंध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, उनका हल डंडे के जोर से ढूंढना एक अतार्किक नजरिया है।

हर भावनात्मक और सामाजिक मामले को सियासी हथियार बनाने का भारतीय जनता पार्टी का उत्साह इतना ज्यादा है कि इसके फौरी और दीर्घकालिक दुष्परिणामों की वह तनिक भी फिक्र नहीं करती है। उसका यह उत्साह फिलहाल असम में देखने को मिल रहा है, जहां के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा उग्रता की होड़ में आगे निकलने का कोई मौका नहीं चूकते। अब उन्होंने बाल विवाह रोकने के नाम पर असम एक बड़ी सामाजिक समस्या खड़ी कर दी है। सैकड़ों कमउम्र लड़कियों का इस वजह से भविष्य खतरे में पड़ गया है, क्योंकि उनके नव-विवाहित पतियों को जेल भेज दिया गया है। इस तरह जो लोग अज्ञान, गरीबी और पारंपरिक पिछड़ेपन के शिकार हैं, उन्हें ही इसकी सजा भुगतने को भी कहा जा रहा है। क्या यह प्रश्न इस मौके पर नहीं उठाया जाना चाहिए कि अगर सरकारों ने संवैधानिक वायदे के मुताबिक सबकी शिक्षा और सबके जीवन स्तर में सुधार को सुनिश्चित किया होता, तो आज लाखों कमउम्र लड़के-लड़कियां उस सपने से वंचित नहीं होते, जिसकी वजह से वे छोटी उम्र में विवाह का बोझ उठाने को तैयार हो जाते हैं? सरमा को खुद से पूछना चाहिए कि मध्य और समृद्ध वर्ग के परिवारों में बाल विवाह क्यों नहीं होते?

जिन समस्याओं का संबंध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, उनका हल डंडे के जोर से ढूंढना एक अतार्किक नजरिया है। गौरतलब है कि असम सरकार ने राज्य में होने वाले ÷बाल विवाह, प्रसव के दौरान माताओं और नवजात शिशुओं की ऊंची मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए÷ अभियान चलाया है। इसके तहत 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वालों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम और 14 से 18 साल तक की उम्र वाली लड़कियों से शादी करने वालों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम- 2006 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि असम सरकार राज्य में बाल विवाह की सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए कृतसंकल्प है। लेकिन अगर वे इस संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षा, जागरूकता और परिवारों के आर्थिक सशक्तीकरण का अभियान चलाते, तो सारे देश में उनकी भावना की तारीफ होती। फिलहाल ऐसा करने की कोई वजह नहीं।

# समान नागरिक संहिता : भारतीय परिवेश में है जरूरी

भारत में हिंदू स्त्रियों की स्थिति 200 वर्ष पहले दयनीय थी। पंडिता रमाबाई ने कहा था भारत तब तक तरक्की नहीं कर सकता और संसार के देशों में कोई स्थान नहीं बना सकता जब तक कि हिंदू घरों में हिंदू स्त्रियां जो मां भी है, की स्थितियां नहीं सुधरती।

बच्चियों को बालपन में शादी कर उपेक्षा के अंधकार में ढकेल दिया जाता है।

इसके साथ ही अपने मातृ कर्तव्यों के बारे में अनजान, खासकर सामान्य पोषण संबंधी नियमों से अनजान और ज्यादा निम्नस्तर को प्राप्त होती हैं। यह याद रखना होगा कि वह भी एक लड़की है तथा बच्चे को जन्म देकर मां बनती है। 14-15 की उम्र में उससे यह आशा नहीं की जा सकती कि वह अपने बच्चों का सही ढंग से पालन कर सकेगी। हम देख रहे हैं कि हिंदू रीति-रिवाजों एवं कानून में निरंतर सुधार हुआ है। सती प्रथा, बाल विवाह का विरोध हुआ है। कानून में भी आवश्यक बदलाव कर लड़कियों को जकड़नों, बंधनों से मुक्त किया गया है। आज उनके विवाह की उम्र क्रमशः बढ़ाकर 18-21 वर्ष की गई है, मुफ्त शिक्षा का उपहार दिया गया है।

हिंदू विवाह अधिनियम 1955 में बदलाव लाया गया और लड़कियों की उम्र बढ़ाकर 18 वर्ष लड़कों के विवाह उम्र 21 वर्ष की गई और भी बहुत से बदलाव विवाह एवं तलाक के कानूनों में किए गए। इस कारण, आज उनकी स्थिति, शक्ति, आत्मसम्मान में काफी परिवर्तन हुआ है। ठीक इसी तरह मुस्लिम कानून में, स्त्रियों के लिहाज से परिवर्तन आज की मांग है। 1990 के दशक में भी इसकी जरूरत समझी जा रही थी। मैंने खुद 'एप्वा' सीपीएमएल की महिला विंग की कार्यकर्ताओं के साथ एक प्रश्नावली, बनाकर पटना का भ्रमण किया था। मैंने बल्ब बनाने वाली महिला से लेकर डॉक्टर तक का इंटरव्यू लिया।

सवाल थे- क्या उन्हें पढ़ना, बाहर काम करना पसंद है, क्या वे पति की अकेली पत्नी बनकर रहना चाहती हैं, क्या उन्हें तीन तलाक की प्रक्रिया पसंद है, क्या उन्हें संपत्ति में अधिकार पसंद है, क्या तलाक के बाद मुआवजा या भरण-पोषण का अधिकार चाहिए आदि। करीब-करीब सभी ने यही कहा- हां पसंद है पर मजहब की पाबंदियों के कारण कुछ कह नहीं सकती। आज इन बहनों को भी इन जकड़नों से निकलते की जरूरत




है। शादी की उम्र अभी महज 15 वर्ष है। इतनी सी उम्र में शिक्षा मुश्किल से 10 क्लास हो सकती है और नौकरी कर अपने पांवों पर खड़े होने का सवाल ही नहीं उठता। यहां विवाह एक कांट्रेक्ट की तरह है जिसे कभी भी तोड़ा जा सकता है। पर यहां भी पुरुष को अधिक अधिकार दिए गए हैं।

मुहम्डन कानून की धारा 251 (2) के अनुसार पागलों और नाबालिगों (लड़का-लड़की) का विवाह उनके अभिभावक द्वारा 15 वर्ष से कम में भी हो सकता है। इसी कानून के अनुसार एक मुस्लिम लड़के का विवाह तोड़ा जा सकता है यदि उसकी सहमति विवाह पर नहीं है। इसके अलावा तलाक के नियम भी पुरुषों के अलग और स्त्रियों के अलग हैं। उन्हें तलाक के बाद मासिक भत्ता देने का रिवाज नहीं है। यह सिर्फ इद्दत भर है यानी तलाक देने से तीन महीनों तक। इसके अलावा स्त्री एक शादी कर सकती है जो कि ठीक है। पर पुरुष एक ही समय में 4 विवाह कर सकता है, और एक ही घर में रख सकता है और यदि वह पांचवां विवाह भी कर लेता है तो यह गैर कानूनी या गैर धार्मिक नहीं है, बस अनियमित है। ऐसी व्यवस्था में हर एक स्त्री को पति पर एकाधिकार नहीं होता जो उसे खुशी प्रदान कर सके। इसके अलावा शिया कानून में दो तरह के विवाह होते हैं- परमानेंट और मुता विवाह यानि अस्थाई।

एक शिया मुस्लिम, किसी भी धर्म की स्त्री यथा मुस्लिम, ईसाई, यहूदी या पारसी के साथ अस्थाई विवाह कर सकता है, पर किसी और धर्म वाली के साथ नहीं। पर एक शिया स्त्री किसी गैर मुस्लिम के साथ मुता निकाह नहीं कर सकती। इसमें शारीरिक संबंध एक तय अवधि के लिए बनाया जा सकता है। यह अवधि एक दिन, एक महीना, एक वर्ष या डावर यानी मुआवजा देना जरूरी है। इसमें यौन संबंध की अवधि तथा 'डावर' दोनों ही तय होने चाहिए। स्त्री पुरुष में यह भेदभाव स्त्रियों की खुशी उन्नति, शारीरिक सुरक्षा, समाज, देश में उसकी भागीदारी को आहत करती है। इसी प्रकार भारत में हर धर्म, संप्रदाय में यथा ईसाई, पारसी, हिंदू, आदिवासी सभी में स्त्रियों के अधिकार की दृष्टि से एक ही नागरिक संहिता होनी चाहिए। देश की आधी जनसंख्या यदि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों से वंचित रहे तो उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक संपदा, लाभ से राष्ट्र वंचित रहता है। ऐसा देश दुनिया के प्रगतिशील देशों की दौड़-विकास की तुलना में पीछे हो जाता है।

इसका असर राजनीतिक तो है ही सामाजिक भी है। जिस दिन महिलाएं अपनी सशक्त उपस्थिति देश की संसद, विधानसभा, पंचायत, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, व्यापार में बराबरी से दर्ज कराएंगी तो देश अत्यंत ही सशक्त संतुलित और अहिंसक होगा। सामाजिक तौर पर शिक्षित, बालिग स्त्रियां आर्थिक रूप से मजबूत, बच्चों के पालन में संतुलित, जागृत होगी। कहा भी जाता है एक शिक्षित मां कई बच्चों की एक मजबूत आधारशिला होती है जिसके बच्चे परिपक्व और समझदार होते हैं। देश राजनैतिक परिवेश और घर समाज की समुचित उन्नति के लिए समान नागरिक संहिता अत्यंत ही आवश्यक है।

**कमलेश जैन**

# 2023 का बजट और अदानी ग्रूप से डोलती अर्थव्यवस्था

गत वर्ष से ही साल 2023 में विश्व भर में आर्थिक अस्थिरता, रिसेशन की बात की जा रही थी । हाल ही में भारत की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा 2003 का 1 फरवरी को बजट पेश किया गया । जिसमें उन्होंने संबोधित करते हुए यह कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है । इस बजट के दौरान इनकम टैक्स की रिबेट को बढ़ाकर ₹700000 कर दिया गया । खिलौने ,साइकिल ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स वाहन ,मोबाइल फोन सस्ते किए गए जबकि सिगरेट सोना चांदी की कीमतों में वृद्धि की गई । पेट्रोल डीजल के दामों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला । महिलाओं तथा सीनियर सिटीजंस के लिए कई नई स्कीम घोषित की गई। किसी भी देश का बजट का उद्देश्य देश में सामाजिक न्याय और समानता के साथ-साथ संतुलित आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना होता है। यह देश की दशा और दिशा तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होता है। इसके अंतर्गत देश की प्रगति को मध्य नजर रखते हुए देश के प्रत्येक नागरिक के लिए रोजगार का सृजन करना तथा नागरिकों की उचित स्वास्थ्य और शिक्षक की



सुविधाओं को मुहैया कराना होता है। दूसरी तरफ हाल ही में गौतम अदानी के डूबते आर्थिक साम्राज्य से देशभर में चिंता का विषय बना हुआ है । हिडंबर्ग के खुलासे के बाद अदानी ग्रुप के शेयर में गिरावट लगातार बनी हुई है। जिससे निवेशक चिंता में है । तथाकथित तथ्यों के आधार पर अदानी ग्रुप के शेयर मे 50त्न की गिरावट देखने को मिल रही है । देश की सबसे बड़ी कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम का अदानी ग्रुप में निवेश होने वाले मुनाफे में भी कमी आई है । जिसका नुकसान भारतीय जीवन बीमा निगम को उठाना पड़ रहा है । इससे अन्य कई कंपनियों के प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है। जो देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए सही नहीं है। कोविड और बेरोजगारी के कारण आवाम में पहले से ही रोष है । बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी , अदानी ग्रुप ,जीवन बीमा इत्यादि में गिरावट के चलते इनकम टैक्स रिबेट आवाम को क्या राहत पहुंचाती है यह अपने आप में एक सवाल है ? 2023 में अनुमानित हिट करने वाले विश्वभर के आर्थिक रिसेशन का भारत पर कितना प्रभाव पड़ता है यह बड़ा चिंता का विषय है ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

# परीक्षा कक्ष में विद्यार्थी ध्यान रखें



शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य उन विद्यार्थियों के लिए और बड़ा मूल्यवान होता है, जिनकी परीक्षाएँ बिल्कुल करीब हों। एक स्वस्थ शरीर में ही उत्तम मानसिकता का संयोग बनता है। समय के प्रति सजग रहने की भी नितांत आवश्यकता होती है। एक विद्यार्थी को सकारात्मक सोच व निर्भीकता के साथ सभी आवश्यक सामग्री- प्रवेश-पत्र, स्वच्छ रूमाल, पेन, कम्पास बॉक्स लेकर अपने शाला गणवेश में ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करना चाहिए। इनके अतिरिक्त कागज व अन्य कोई सामग्री न हो। फिर कक्ष में उन्हें निम्न बातों का विशेष ध्यान रखना बहुत जरुरी है।

(1). टेबल पर अंकित अपना अनुक्रमांक देख कर अपने प्रवेश-पत्र के अनुक्रमांक से एक बार अवश्य मिला लें। फिर एक बार अपने जेब को अवश्य टटोल लेवें कि कुछ कागजात अथवा अन्य सामग्रियाँ तो नहीं रह गयीं; सुनिश्चित कर लेवें।

(2). अपनी जगह पर बैठने से पहले आसपास को अवश्य जाँच कर लें कि अनावश्यक कागज व पॉलीथिन वगैरह तो नहीं हैं।

(3). आप अपने टेबल की सीट या उसके अगल-बगल देख लें कि कुछ लिखा या रंग अथवा स्याही के धब्बे तो नहीं है। इनमें से कुछ हों तो पर्वेक्षक को अवश्य अवगत करा देवें।

(4). जैसे ही आपको पर्वेक्षक के जरिये उत्तर पुस्तिका मिलती है, आप इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि उत्तर पुस्तिका की गुणवत्ता अच्छी हो, यानी उत्तर पुस्तक साफ-सुथरी व कटी-फटी न हो।

(5). अपनी उत्तर पुस्तिका में निर्धारित व आवश्यक कालम (जगह)- अनुक्रमांक, कक्षा, विषय जैसे समस्त जानकारी शांति व धैर्यपूर्वक भर लेवें।

(6). अपनी निर्धारित जगह (टेबल) पर प्रवेश-पत्र, पेन-पेंसिल व स्केल के अतिरिक्त कुछ न रखें।

(7). प्रश्न पेपर मिलने पर उसकी जाँच अवश्य कर लेवें। पृष्ठ व प्रश्न संख्या का मिलान कर लेवें। प्रश्न पेपर के प्रथम पृष्ठ के ऊपरी भाग पर अपना अनुक्रमांक लिख लेवें।

(8). सर्वप्रथम पूरे प्रश्न पेपर का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लेवें। मन में शांति व एकाग्रता बनाए रखें। स्वयं निर्भीक व निश्चिंत रहें।

(9). सभी प्रश्नों को पढ़ने के पश्चात , समय का विशेष ध्यान रखें। समय रहते ही सभी प्रश्न हल हो जाने चाहिए। आप जिस प्रश्न के उत्तर के प्रति पूर्ण रूपेण आश्वस्त हैं यानी आप जिस प्रश्न का उत्तर शत-प्रतिशत जानते हैं, उसे सर्वप्रथम हल करे-लिखें। इसके लिए उत्तर-पुस्तिका के मध्य अथवा हासिये पर संबंधित प्रश्न का क्रमांक बोल्ड लेटर्स या फिर उस क्रमांक के नीचे लाइन खींच देवें। इसके पश्चात डाऊटफुल क्यूश्चन अर्थात संदेहपूर्वक प्रश्न, यानी जिनका उत्तर पूर्ण रूपेण अवगत न हों, उन्हें भी हल करें। अंत में जिन प्रश्नों के उत्तर से अनभिज्ञ हों, उन्हें भी प्रश्न के विषय सम्बंधित कुछ न कुछ अवश्य लिखें। किसी भी स्थिति में कोई भी प्रश्न नहीं छुटना चाहिए।

(10). यदि आप वस्तुनिष्ठ प्रश्न बना रहे हैं तो उत्तर क्रमांक लिखते हुए वैकल्पिक सही उत्तर को भी लिख देवें।

(11). रिक्त स्थान की पूर्ति करें या सही जोड़ी बनाइए, जैसे प्रश्नों का उत्तर लिखने के पश्चात एक लाइन खींच देवें। वह लाइन पूर्ण-उत्तर समाप्ति की घोतक होती है।

(12). प्रत्येक अति लघुत्तरीय, लघुत्तरीय या दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के उत्तर पूर्ण होने के बाद एक लाइन खींच देवें।


(13). किसी प्रश्न का उत्तर उसके निर्धारित अंक के आधार पर ही लिखें, अर्थात अंक के अनुसार ही उत्तर लिखने की कोशिश करें।

(14). आवश्यकता पड़ने पर ली गयी अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका पर दिये स्तम्भ पूरा कर लेवें। इसे एक धागे से मुख्य उत्तर पुस्तिका से अच्छी तरह बाँध देवें। परीक्षा समय समाप्ति के पाँच-दस मिनट पूर्व अपने लिखे उत्तरों की जाँच एक बार अवश्य कर लेवें।

(15). समय समाप्ति पर पूर्ण रूपेण उत्तर पुस्तिका को पर्वेक्षक को सौंप देवें। कोशिश करें, उन्हें बलात उत्तरपुस्तिका लेने का अवसर न देवें। परीक्षा कक्ष से शांतिपूर्वक व क्रमबद्ध बाहर निकलें।

अंत मैं कहना चाहूँगा कि परीक्षा के दरम्यान आप सकारात्मक विचार रखें, निर्भीक रहें, शांत रहें, खुश रहें। मेरी शुभेच्छाएँ आप सबके साथ हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**टीकेश्वर सिन्हा**
गब्दीवाला
घोटिया बालोद
छत्तीसगढ़

## जीवन में रस घोल

जीवन में रस घोल कबीरा।
मीठी वाणी बोल कबीरा।।
रसहीन है एकाकी जीवन।
सुख-शान्ति मेलजोल कबीरा।।
प्रकृति बाँटती जीवन हर पल।
साँसें शुभ अनमोल कबीरा।।
गुम रिश्ते-राहें मिल जातीं।
धरती सुंदर गोल कबीरा।।
व्यंग्य वचन युद्धों के पीछे।
उर विवेक मन तोल कबीरा।।
बँटी मनुजता जाति-रंग में।
सरहद ओढ़े खोल कबीरा।।
खिंचीं लकीरें नभ नफरत की।
मत सो,आँखें खोल कबीरा।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना




**प्रमोद दीक्षित मलय**
बांदा
उत्तरप्रदेश

## अपना प्यारा वतन

अपना वतन है सबसे प्यारा,
जाने सकल जहान ये सारा।
भारत माता के सिर का ताज,
हम सबको तुझ पर है नाज।
सब देशों में है ये अब खास,
आये न कभी तुझ पर आंच।
सब देशों का है ये सरताज,
भूले रिश्ते नाते सब कुछ आज।
दिल में रहता है अब तेरा ही राज,
वंदेमातरम् के ही निकलते अल्फ़ाज़।
लहराता रहे तिरंगा खुशी का साज,
है आरज़ू यही देश पर गीरे न गाज।
सैनिक ही बचता भारत की लाज,
वतन के लिए हम करें कोई काज।
सीमाओं पर निभाते बखुबी फर्ज,
तभी तो हम सोते हैं चैन से रोज।
सैनिक ही तो भारत की है शान,
न भूले अभी इनकी कुर्बानी आज।
निडर साहसी है भारत की फौज ,
सैनिक ही है भारत का अभिमान।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**कुमारी गुड़िया गौतम**
जलगांव
महाराष्ट्र

## चहुँ ओर

तुम सृष्टि के कण-कण में हो।
तुम मानव के मन-मन में हो।
तुम बीतते वक्त के क्षण-क्षण में हो।
तुम सोचते-विचारते जन-जन में हो।
तुम बनती बिगड़ती
परिकल्पना के पल-पल में।
तुम अनंत व्योम के चमकते
सितारे-सितारे में हो।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**राजीव डोगरा**
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

# युवा शक्ति प्लस बुजुर्ग अनुभव इक्वल टू गैरेंटेड सक्सेस

## आओ पीढ़ियां हाथ मिलाए, एक नया इतिहास रचें आओ युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन (बुजुर्गों) की भागीदारी बढ़ाएं

विकास के मार्ग में बाधाओं को तोड़ने, युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन की भागीदारी से भारत को फिर सोने की चिड़िया का दर्जा हासिल हो सकता है - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर अगर तजुर्बेदार, बड़ों, अनुभवी ताउम्र लोगों और बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान, एकजुटता की बात करें तो आदि अनादि काल से यह भारत में रही है क्योंकि भारत की संस्कृति सभ्यता और यहां की मिट्टी में ही ऐसे गुणों की खान है जो जन्म से ही प्राणी के दिलों दिमाग में बस जाती है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में पश्चिमी संस्कृति के सैलाब में इस उचित मार्गदर्शन की भागीदारी का कमजोर होना रेखांकित किया जा सकता है। जबकि आधुनिक नवीनतम नए भारत में युवाओं की संख्या तीव्रता से बढ़ रही है इसलिए इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से युवा शक्ति और हमारे बड़ों, अनुभवी, ताउम्र लोगों,याने अंतर पीढ़ी गत एकजुटता को कायम करने पर चर्चा करेंगे।

सथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में भारत की युवा शक्ति की करें तो, भारत युवाओं का देश हैं, पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। हमारे देश में 35 वर्ष की आयु तक के 65 करोड़ युवा हैं। अर्थात् हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की, उनमे अच्छे संस्कार, उचित शिक्षा एवं प्रोद्यौगिक विशेषज्ञ बनाने की, उन्हें बुरी आदतों जैसे- नशा, जुआ, हिंसा इत्यादि से बचाने की। क्योंकि चरित्र निर्माण ही देश की, समाज की, उन्नति के लिए परम आवश्यक है। दुश्चरित्र युवा न तो अपना भला कर सकता है, न समाज का और न ही अपने देश का। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवा वर्ग को ही मेधावी, श्रमशील, देश भक्त और समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत होना होगा।

साथियों बात अगर हम देश के साथियों बात अगर हम वर्तमान मानव विकास गति की करें तो, वर्तमान सदी में युवा वर्ग मानव सभ्यता के ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जब मानव विकास गति का रथ जेट विमान की गति से भाग रहा है। यह तीव्र विकास गति जहाँ अनेकों उपलब्धियां सुविधाएँ और चमत्कार लेकर आ रही है, वहीं युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता



पा लेने की चुनौती भी। क्योंकि यदि युवा वर्ग इतना क्षमतावान है की वह तेज़ीसे हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके,नयी खोजों नयी तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली परिवर्तित कर सके, तो ही वह अपने जीवन को सम्मानजनक एवं सुविधा संपन्न बना सकता है, और विश्व स्तर पर अपने अस्तित्व को बनाये रख सकता हैप्रतिस्पर्द्धा की कड़ी चुनौतियों को स्वीकार करना ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है।

साथियों बात अगर हम युवाओं द्वारा अपने समय के सदुपयोग के मूल्यों की करें तो, आज के युवा वर्ग को अपने विद्यार्थी जीवन में अध्ययनशील, संयमी, चरित्र निर्माण के लिए आत्मानुशासन लाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रयास करने चाहिए। जिसके लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। विद्यालय को मस्ती की पाठशाला समझ कर समय गंवाने वाले युवा स्वयं अपने साथ अन्याय करते हैं, जिसकी भारी कीमत जीवन भर चुकानी पड़ती है। बिना शिक्षा के कोई भी युवा अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने में अक्षम रहता है। चाहे उसके पास अपने पूर्वजों का बना बनाया, स्थापित कारोबार ही क्यों न हो। या वह किसी राजनयिक या प्रशासनिक अधिकारी की संतान ही क्यों न हो। इसी प्रकार बिना शिक्षा के जीवन में कोई भी कार्य, व्यापार, व्यवसाय उन्नति नहीं कर सकता। यदि कोई युवा अपने विद्यार्थी जीवन के समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तो मनोरंजन, मस्ती और ऐश के लिए पूरे जीवन में भरपूर अवसर मिलते हैं। वर्तमान समय में युवा विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, अर्थात् प्रोद्योगिकी से सम्बंधित विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करनी चाहिए। जो देश की उन्नति में योगदान देने के साथ-साथ रोजगार की असीम संभावनाएं दिलाती है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक युवा शक्ति की करें तो, युवा विकास के लिए एक सकारात्मक शक्ति हो सकते हैं जब उन्हें ज्ञान और अवसर प्रदान किए जाते हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। आज, 15 से 24 वर्ष की आयु के 1.2 अरब युवा हैं, जो वैश्विक आबादी का 16 प्रतिशत है। 2030 तक - 2030 एजेंडा बनाने वाले सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए लक्ष्य तिथि - युवाओं की संख्या 7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.3 बिलियन होने का अनुमान है, हमारे ग्रह पर आधे लोग 30 या उससे कम उम्र के हैं, और यह 2030 के अंत तक 57 फ़ीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है।सर्वेक्षण से पता चलता है कि 67 फ़ीसदी लोग बेहतर भविष्य में विश्वास करते हैं, जिसमें 15 से 17 वर्ष के बच्चे इस बारे में सबसे अधिक आशावादी हैं।अधिकांश लोग इस बात से सहमत हैं कि राजनीति में उम्र का संतुलन गलत है। सभी आयु समूहों के दो तिहाई (69 फ़ीसदी) से अधिक लोग इस बात से सहमत हैं कि नीति विकास/परिवर्तन में युवा लोगों के लिए अधिक अवसर राजनीतिक व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे। विश्व स्तर पर, केवल 2.6 फ़ीसदी सांसद 30 वर्ष से कम उम्र के हैं, और इनमें से 1 फ़ीसदी से भी कम युवा सांसद महिलाएं हैं।

साथियों बात अगर हम युवाओं को इस हेतु प्रोत्साहन की करें तो इस संदेश को बढ़ाना है कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सभी पीढ़ियों के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है और किसी को पीछे नहीं छोड़ना है। यह अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता, विशेष रूप से आयुवाद, जो युवा और वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित करता है, के लिए कुछ बाधाओं पर जागरूकता बढ़ाएगा, जबकि समग्र रूप से समाज पर हानिकारक प्रभाव पड़ेगा। देश के युवाओं की आवाज, कार्यों और उनके द्वारा किए गये आविष्कार को देशङ्क दुनिया तक पहुंचाना है। युवाओं की समस्या को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जैसे संयुक्त राष्ट्र , मानवाधिकार तक पहुंचाना है। कोरोना के बाद पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित हुए है, विभिन्न मुद्दे पर चर्चा हुई और राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दे में अपनी चर्चा की।

युवाओं को विलासिता सुख सुविधा के मोह में देश की जमीन छोड़कर प्रवासन की करें तो, आज विश्वभर में अधिकतर युवा विलासिता और सुख-सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह जा रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महान् राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को पर्याप्त साधन नहीं दे सकता बल्कि इससे देश की विकास का सशक्त आधार भी समाप्त हो जाता है।

साथियों इसलिए युवाओं को चाहिए कि अपनी क्षमता का लाभ अपनी मिट्टी में से जुड़कर देश सेवा में हाथ बताएं इसलिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी कहा है, इस महत्वपूर्ण दिन पर, बाधाओं को तोड़ने के लिए पीढ़ियों से हाथ मिलाएं, और सभी लोगों के लिए एक अधिक न्यायसंगत, न्यायपूर्ण और समावेशी दुनिया प्राप्त करने के लिए एक के रूप में काम करें।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ पीढियां हाथ मिलाए एक नया इतिहास रचें। आओ युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन (बुजुर्गों) की भागीदारी बढ़ाएं विकास के मार्ग में बाधाओं को तोड़ने युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन की भागीदारी से भारत को फिर सोने की चिड़िया का दर्जा हासिल हो सकता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया
महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 4 लाख 20 हजार रुपए के गांजा के साथ दो महिला सहित 4 अंतर्राज्यीय गिरोह गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कम मेहनत में जल्द पैसा कमाने की चाहत पश्चिम बंगाल की 2 युवतियों व बिहार के 2 युवकों को भारी पड़ गई। अंबिकापुर पुलिस ने बस स्टैंड में चारों को दबोच लिया। पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया है। दरअसल चारों एक ऑर्केस्ट्रा कंपनी में काम करते थे। जल्द पैसे कमाने के चक्कर में चारों गांजे की तस्करी में उतर गए। युवतियां व युवक 28 किलोग्राम गांजा लेकर बिहार से अंबिकापुर आए थे। इसी बीच वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जब्त गांजे की कीमत 4 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है।

नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाने सरगुजा पुलिस द्वारा नवा बिहान योजना चलाई जा रही है। इसके तहत गांजा, शराब, नशीली दवाइयों, ब्राउनशुगर सहित अन्य नशे का धंधा करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच अंबिकापुर कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित सहायता केंद्र पुलिस ने प्रभारी अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में बुधवार की रात पश्चिम बंगाल की 2 युवतियों व बिहार के 2 युवकों को एक साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा। पुलिस ने उनके पास रहे बैग की तलाशी ली तो उसमें 28 किलो गांजा मिला। पूछताछ में पता चला कि वे गांजा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल निवासी सोनी खातून व नमीरा खातून तथा बिहार के सिवान जिला निवासी नितीश कुमार व बिहारी कुमार को गिरफ्तार कर गांजा जब्त कर लिया।



पुलिस ने चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 सी के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। जब्त गांजे की कीमत 4 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है।कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पांडेय, संदीप सिंह, महिला आरक्षक पंकराशिया, आरक्षक शाहबाज अंसारी, अतुल सिंह, सीनू फिरदौसी, मंटू गुप्ता, साइबर सेल से आरक्षक विकास मिश्रा, रमेश राजवाड़े व नगर सैनिक सुनील गुप्ता शामिल रहे।

### ज्यादा व जल्द पैसा कमाने की थी जिद

पुलिस की पूछताछ में ये बात सामने आई कि पश्चिम बंगाल की दोनों युवतियां सिवान जिले में एक ऑर्केस्ट्रा कंपनी में काम करने आई थीं। दोनों युवक भी वहीं काम करते थे। इसी बीच चारों जल्द पैसे कमाने की लालच में गांजा बेचने के गंदे धंधे में उतर गए।

# सैन्य सम्मान के साथ मेजर डॉ. नीलेश सिंह का किया गया अंतिम संस्कार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सैन्य सम्मान के साथ मेजर डॉ. नीलेश सिंह का अंतिम संस्कार गुरुवार को शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। 34 वर्षीय मेजर नीलेश ड्क्षसह का असामायिक निधन 6 फरवरी को ड्यूटी के दौरान पठानकोट पंजाम में ह्दयाघात से हो गया था। इनका शव पैतृक निवास अंबिकापुर स्थित रानी सती मंदिर सतीपारा लाया गया था। शहर के युवा मेजर नीलेश सिंह के असामयिक निधन की ख़बर जैसे ही शहर में आई लोग गमगीन हो गए। कोरोना काल में इनके पिता स्व. रतनेशवर सिंह का निधन हो गया था। इकलौते पुत्र के निधन की से इनकी मां नीलम सिह को काफी आहत पहुंचा है। शंकरघाट स्थित मुक्ति धाम में पार्थिव शरीर में लिपटा हुआ तिरंगा सेना के अधिकारी ने उतार कर मां को दिया वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। इस दौरान वंदेमातरम और मेजर नीलेश अमर रहें के नारे गूंज उठा।



# 1 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

दरिमा पुलिस ने 1 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले तस्करो के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं, इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पुलिस अनुविभागिय अधिकारी (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना दरिमा की पेट्रोलिंग टीम थाना छेत्र भ्रमण पर नवानगर बांध की ओर रवाना हुए थे। दौरान पेट्रोलिंग बांध के पास एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर लुकने छिपने का प्रयास करने लगा संदिग्ध गतिविधि लगने पर पकड़कर पूछताछ किया गया जो अपना नाम बाबूलाल राजवाडे साकिन दरिमा का होना बताया, संदिग्ध की तलाशी लेने पर 1किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, आगामी पूछताछ मे बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश करना बताया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से सदर धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, आरोपी द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता हैं। संपूर्ण कार्यवाही में सउनि राकेश मिश्रा, सउनि बैजनाथ लकड़ा, आरक्षक संजय केरकेट्टा, सत्येंद्र दुबे, राज जायसवाल, शिवमंगल सिंह, दिनेश मिंज, विवेक राय, अनुग्रह तिर्की, शामिल रहे।

## इन्दर भगत बने भाजपा जिला मंत्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की अनुमति तथा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने आदिवासी युवा नेता कुबेरपुर लुड्रा निवासी इन्दर भगत को भाजपा जिला मंत्री बनाया है। इंदर भगत के भाजपा पदाधिकारी बनने आदिवासी समाज हर्ष का वातावरण है। यह जानकारी भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने दी है।

## भाजयुमो करेगा जिला परिवहन कार्यालय का घेराव आज

अंबिकापुर, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के निर्देशानुसार व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के नेतृत्व में भाजयुमो सरगुजा द्वारा व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला परिवहन कार्यालय का घेराव शुक्रवार को दोपहर 12 बजे करने का निर्णय लिया है। जिसमें क्रमबद्ध तरीके से प्रतापपुर रोड में वाटर पार्क के सामने पूरे जिला भर से आए भाजयुमो के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। उसके पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार में मंत्री मोहम्मद अकबर की शव यात्रा निकालते हुए आरटीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव किया जाएगा। उपयुक्त जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री संजीव वर्मा ने दी है।

# शिक्षक इन्हें जैसा आकार देंगे, आगे बच्चे वैसे ही बनेंगे : स्वास्थ्य मंत्री

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



मास्टर माइंड द स्मार्ट स्कूल की शुरुआत अम्बिकापुर के नजदीक मेंड्रॉकला ग्राम में हुई। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने फीता काट विद्यालय का शुभारम्भ किया। अम्बिकापुर में संचालीत मास्टर माइंड जूनियर पब्लिक स्कूल के दूसरे शाखा की नींव मेंड्रॉकला में डाली गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने कहा कि नर्सरी से लेकर 8वीं तक के कक्षा का संचालन यहां किया जाना है, शिक्षक इन छोटे-छोटे बच्चों को जैसा आकार देंगे, आगे बच्चे वैसे ही बनेंगे। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन किसी भी बच्चे के शिक्षा की पहली नींव होती है। यहां शिक्षक जो भी बताते हैं, जैसी भी शिक्षा देते हैं, यह जीवन में हमेशा काम आता है। छोटे-छोटे बच्चों ने जिस तरह का परफार्मेंस दिया है, कार्यक्रम प्रस्तुत किया है, मॉडल बनाया है, यह साफ दर्शाता है कि छोटे-छोटे बच्चों को निखारने शिक्षक बेहतर प्रयास कर रहे हैं। मैं विद्यालय प्रबन्धन से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं देता हूँ, विद्यालय निरंतर प्रगति करे और बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के माध्यम से समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता, एमआईसी सदस्य द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व पार्षद विनय शर्मा बंटी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुनेश्वर राजवाड़े, मेंड्राकला सरपंच सुमित्रा तिर्की, लब्जी सरपंच जोगेंद्र राम सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

संस्था से जुड़े अंचल ओझा एवं मृत्युंजय पांडेय ने विद्यालय संचालन, विद्यालय के सिलेबस, माध्यम सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी देते हुए बताया कि हमारा ध्यान अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के साथ-साथ वैदिक गणित, साइंस के प्रति बच्चों को नित नवीन जानकारी देने के साथ ही साथ गणित में अबाक्स सहित विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षित कर गणित एवं विज्ञान में अव्वल बनाना है। साथ ही राईटिंग सुधार से लेकर अंग्रेजी स्पीकिंग आदि पर भी बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह विद्यालय पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम से संचालीत होगी, सभी शिक्षक बीएड एवं डीएड की योग्यता रखने वाले हैं। इस दौरान पूर्व के बच्चों के उल्लेखनीय प्रदर्शन की भी जानकारी दी गई। साथ ही इस दौरान बच्चों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल बना कर प्रदर्शित किया। इस दौरान मोबाईल पर सिमटी दुनिया और अपनों के बीच की बढ़ती दूरी सहित परीक्षा की टेंशन एवं दबाव सहित कई विषयों पर बच्चों ने परफॉर्मेंस दिया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकायें एवं संस्था से जुड़े लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।



# कुलदीप बिहारी ने प्रदाय किया दिव्यांग गुलाब को ट्रायसायकल

- संवाददाता -
सूरजपुर, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

दिव्यांग गुलाब पिता छत्तर साय ग्राम पंचायत-नवगई, जनपद पंचायत सूरजपुर द्वारा ट्रायसायकल हेतु समाज कल्याण विभाग जिला सूरजपुर में आवेदन किया गया था। गुरुवार को कुलदीप बिहारी जिला पंचायत सदस्य ने गुलाब को ट्रायसायकल प्रदाय किया। गुलाब को ट्रायसायकल मिलने से उसके जीवन में खुशहाली तथा आने जाने में सुविधा होगी।

# आईजी ने रेंज के जिला अभियोजन अधिकारियों के दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा रेंज के जिला अभियोजन अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारियों की दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में न्यायालय द्वारा अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। आयोजित बैठक में आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा कहा कि किसी भी मामलों में प्रकरणों के विवेचकों द्वारा विवेचना में किए जाने वाले त्रुटियों को दूर करने हेतु एवं भौतिक साक्ष्यों को सावधानी से एकत्र करने हेतु अभियोजन अधिकारियों ने सुझाव दिए।



हॉस्टाइल हो रहे प्रार्थी एवं गवाहों को उनके द्वारा दिये गए अभिमत, कथन पर कायम रहने हेतु विवेचकों को प्रकरण के प्रार्थियों के साथ लगातार सम्पर्क में रहने हेतु निर्देशित किए। जिससे की प्रकरण के प्रार्थी एवं गवाह अपने कथन को न्यायालय में निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से दे सके जिसके फलस्वरूप आरोपी न्यायालय से विचारणों उपरांत दोष सिद्ध हो सके एवं अपराधी द्वारा उसके किए गए अपराध की समुचित सजा मिल सके। आईजी ने यह भी निर्देशित किया के जिन प्रकरणों में एफआईआर करवाने वाले प्रार्थी, जिनका न्यालयाय में 164 सीआरपीसी के अंतर्गत कथन लिया गया है, वो अगर न्यालयाल में ट्रायल के दौरान हॉस्टाइल होते हैं तो उनके विरुद्ध धारा 182/211 आईपीसी के अंतर्गत कार्यवाही किए जानी की संभावना देखी जाए। समीक्षा बैठक के दौरान रेंज के जिला सरगुजा व सूरजपुर से आये जिला अभियोजन अधिकारी एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सरगुजा मानिक राम कश्यप, एसएस पैकरा, सूरजपुर प्रकाश सोनी रीडर सुभाष ठाकुर मौजूद रहे।



# डुमरिया में बेजा कब्जा हटाकर गोदाम निर्माण कार्य किया गया प्रारंभ

सूरजपुर, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

तहसीलदार संजय कुमार राठौर एवं टीम द्वारा ग्राम डुमरिया में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुमरिया में गोदाम निर्माण एवं धान खरीदी हेतु आवंटित जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया गया तथा मौके पर ही पंचनामा तैयार कर डुमरिया में बेजा कब्जे हटाकर गोदाम निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है।

# बिकी हुई भूमि को दुबारा रजिस्ट्री कराने के मामले में थाना प्रतापपुर पुलिस ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

तीन फरवरी को भटगांव निवासी अशोक कुमार ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीब 3 वर्ष पहले ग्राम दुरती का अनुज गुप्ता इसे बताया कि उसका साथी अंकित गुप्ता अपने ग्राम मरहट्ठा की जमीन बेचना चाह रहा है सेटलमेंट वाली भूमि है, जमीन खरीदी बिक्री में कोई दिक्कत नहीं आयेगा, जिससे यह अनुज गुप्ता की बातों पर विश्वास करके अपने परिजन के साथ ग्राम दुरती जाकर अनुज गुप्ता के माध्यम से अंकित गुप्ता एवं प्रदीप गुप्ता से मिलकर बातचीत किया तो अंकित गुप्ता बताया कि वह ग्राम मरहट्ठा के बलदेव बरगाह से जमीन खसरा नंबर 139 का मुख्तारनामा में लिया है, भूमि सेटलमेंट की है, जमीन खरीदी-बिक्री में कोई दिक्कत नहीं आयेगा, उसके बात का समर्थन अनुज एवं प्रदीप करते हुए उक्त जमीन को दिखाए। प्रार्थी को जमीन पसंद आने के बाद जमीन का 4 लाख रूपये में सौदा तय कर आवेदक एडवांस के तौर पर 1 लाख 50 हजार रूपये अनुज गुप्ता के हाथ से अंकित गुप्ता को नगद दिया और धीरे-धीरे करके अंकित, अनुज व प्रदीप के द्वारा आवेदक से जमीन के एवज में 1 लाख 50 हजार रूपये और प्राप्त कर लिए तथा शेष 1 लाख रूपये नगद दिनांक 10.11.20 को प्रार्थी से प्राप्त कर उप रजिस्ट्रार कार्यालय अम्बिकापुर में अंकित गुप्ता के द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र के माध्यम से बिक्री कर दिया। उपरोक्त भूमि को प्रार्थी से बिक्री करने के पूर्व ही अंकित गुप्ता के द्वारा दिनांक 30.01.2020 को दुलारे खान पिता मनान खान निवासी जरही को रजिस्ट्री कर विक्रय पत्र के माध्यम से बिक्री कर चुका था। आरोपीगण अंकित गुप्ता, प्रदीप गुप्ता एवं अनुज गुप्ता द्वारा एक राय होकर बिक्री शुदा भूमि को मुख्तारनामा के आधार पर पुनः बिक्री कर प्रार्थी से 4 लाख रूपये की ठगी किए जाने पर अपराध क्रमांक 30/23 धारा 420, 120बी, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।




मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने धोखाधड़ी के आरोपियों की जल्द गिरफ्तार के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर की पुलिस ने दबिश देकर आरोपी अंकित गुप्ता पिता शिवब्रत गुप्ता उम्र 22 वर्ष, अनुज कुमार पिता विजय प्रसाद गुप्ता उम्र 31 वर्ष व प्रदीप गुप्ता उर्फ कुन्दन पिता स्व. मोतीलाल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम दुरती, थाना प्रतापपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि ठगी की राशि को तीनों बांट लिए और पैसों को निजी उपयोग में खर्च कर दिए, मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई नवलकिशोर दुबे, एएसआई मंत्री राम मिंज, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, रामाधीन श्यामले, मनोज केरकेट्टा, आरक्षक प्रवीण सिंह व अवधेश कुशवाहा सक्रिय रहे।

# क्या पति की मनाही के बाद शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में विधायक ?

## पूर्व वित्त मंत्री स्व.डॉ रामचंद्र सिंहदेव के जन्मदिवस पर भव्य आयोजन की तैयारी

- सीएम भूपेश समेत मंत्रीमंडल के अनेक सदस्यो के शामिल होने की उम्मीद
- पूर्व वित्तमंत्री की प्रतिमा का होगा अनावरण,40हजार लोग करेंगे भोजन
- पूर्व वित्तमंत्री स्व.डॉ रामचंद्र सिंहदेव की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री सहित कई कैबिनेट मंत्री होंगे जिले में
- क्या पुण्यतिथि कार्यक्रम को सरकारी कार्यक्रम बनाने की जुगत में
- क्या पुण्यतिथि पर 40 हजार की भीड़ मुख्यमंत्री के लिए जुटाई जा रही या फिर श्रद्धा से पहुंचेंगे पुण्यतिथि पर लोग ?
- चुनावी वर्ष में पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी तो नहीं ?
- विधायक के घरेलू विवाद के बीच संपन्न होगा स्व. डॉ रामचंद्र सिंह देव की पुण्यतिथि का कार्यक्रम





फाईल :फोटो



फाईल :फोटो



- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पति विदेश में मानसिक रूप से परेशान हैं, विधायक पत्नी पर सिलसिलेवार सोशल मीडिया में पोस्ट कर अनेक गंभीर आरोप लगाते हैं, राजनीति छोड़ने से लेकर, मारपीट और तलाक तक होने की बात की जाती है, काका की मर्जी के खिलाफ राजनीति में आने की बात भी होती है,लेकिन इन सब बातो को दरकिनार कर विधायक पत्नी काका के जन्मदिवस पर एक राजनैतिक कार्यक्रम कर बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में व्यस्त हैं, खबर मिल रही है कि उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल समेत मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य शामिल होंगे तो वहीं 40 लोगो को भोजन कराने की बात भी हो रही है। विधायक द्वारा सभी को खुद काल करके आमंत्रित किया जा रहा है।

### 13 फरवरी को होगा प्रतिमा का अनावरण

पूर्व वित्तमंत्री स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव का जन्मदिवस 13 फरवरी को आता है, अपने जीवित रहते उन्होने जन्मदिवस सादगी पूर्ण ही मनाना उचित समझा। दिखावे से दूर वे पैलेस में ही समर्थको से मिलते और ज्यादातर सोनहत क्षेत्र के दौरे पर जाते थे। उनके जन्मदिवस पर कभी भी सार्वजनिक कार्यक्रम नही किया गया। लेकिन इस बार बड़े कार्यक्रम की तैयारी है। नगरपालिका परिषद द्वारा पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल के कार्यकाल में घड़ी चैक से घड़ी हटाकर पूर्व वित्तमंत्री स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पास किया गया था जिसके बाद स्व.सिंहदेव की प्रतिमा पिछले वर्ष ही लगा दी गई है,इसका अनावरण भी काफी पहले किया जा सकता था लेकिन चुनावी लाभ लेने के उद्वेश्य से इस वर्ष प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम समेत अनेक नेताओ के पहुंचने की उम्मीद है। कार्यक्रम की तैयारी में विधायक और संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव द्वारा पूरी ताकत लगाई गई है।

### पैलेस के पीछे भव्य आयोजन की तैयारी

चैक में प्रतिमा के अनावरण के बाद रामानुज विलास पैलेस के पीछे भी एक भव्य आयोजन की तैयारी है,जहां स्व.डॉ.रामचंद्र सिंहदेव की समाधी स्थल बनाई गई है। यह स्थल भी कांग्रेसी और खासकर विधायक अंबिका सिंहदेव के लिए अब राजनीति का माध्यम बन गया है। 13 फरवरी को मुख्यमंत्री की मौजूदगी में यहां पर भव्य आयोजन की तैयारी की की जा रही है। आयोजन में 40 हजार लोगो के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। एक प्रकार से मुख्यमंत्री के समक्ष भीड़ दिखाकर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में विधायक अंबिका सिंहदेव लगी हुई हैं। देखना होगा कि उक्त कार्यक्रम में कांग्रेसियों के अलावा अन्य लोग अपनी स्वेच्छा से शामिल होते हैं या उन्हे अन्य कार्यक्रम की तरह व्यवस्था कर वाहनो से लाया जाएगा।

### यह शासकीय या निजी आयोजन समझ से परे

जिस इंसान से अपनी जीवित रहते अपना जन्मदिवस बड़े ही सादगी से मनाया हो निधन के बाद उनके जन्मदिवस पर भव्य आयोजन करना लोग सही नही मानते, इस वर्ष इसे और भव्य रूप भी मात्र इसलिए दिया जा रहा है क्योंकि आने वाले नवंबर दिसंबर में विधानसभा का चुनाव होना है। जिसमें वर्तमान विधायक अंबिका सिंहदेव ही कांग्रेस की ओर से स्वभाविक रूप से उम्मीदवार हैं और उन्ही के नेतृत्व में भव्य आयोजन की तैयारी हो रही है। अब चुंकि उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री का शामिल होना तय हुआ है तो जाहिर सी बात है कि इसमें प्रशासन की भी भूमिका होगी। प्रशासन द्वारा ही अब आगे की तैयारी की जाएगी, विश्राम भवन से लेकर प्रतिमा अनावरण स्थल और पैलेस के पीछे आयोजन स्थल पर भी प्रशासन द्वारा ही तैयारी किये जाने की बात भी अब सामने आ रही है, आयोजन शासकीय होगा या निजी यह समझ से परे है। हलांकि जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार भोजन व्यवस्था हेतु संबंधित केटरर को एडवांस विधायक के माध्यम से ही दिया गया है।

### अब होने लगी आवभगत

आयोजन को पूर्ण रूप से राजनैतिक रंग दिया जा रहा है,वे कार्यकर्ता जरूर पूछे जा रहे हैं जो कि इन दिनो विधायक अंबिका सिंहदेव से काफी दूर हैं। अपने चार वर्ष के कार्यकाल में विधायक द्वारा जिन कार्यकर्ताओ को टारगेट किया गया या किसी न किसी प्रकार से दूर रखा गया उनकी उपेक्षा की गई, पद छीन लिया गया या पद नही देने दिया गया ऐसे सभी कार्यकर्ताओ की अब पूछ परख बढ गई है। कार्यकर्ताओ को स्वयं विधायक द्वारा काल करके कार्यक्रम में बुलाया जा रहा है। अब कार्यकर्ता भी है करे तो करे क्या,आखिर प्रदेश के मुखिया के आगमन पर सेल्फी लेने का मौका आखिर कैसे गंवाना चाहेंगे और इसलिए वे भी लगातार उपेक्षा के बावजूद कार्यक्रम में जरूर शामिल होगे। हलांकि अचानक पूछ परख और आवभगत देख कई कार्यकर्ता आश्चर्यचकित भी है।

### कार्यक्रम से संगठन की दूरी

स्व.कुमार साहब के जन्मदिवस पर इसकी तैयारी विधायक एवं उनके कुछ चुनिंदा सिपहसलारो द्वारा ही की जा रही है,प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है,लेकिन अभी तक संगठन की ओर से इस बारे में कोई अधिकृत बयान सामने नही आया है। हलाकि बेहद शांत और सुलझे हुये जिलाध्यक्ष भी विधायक के किसी भी निर्णय और आयोजन पर सवाल कर सके या कुछ जानकारी लें सके यह उनके बस में नही है। संगठन के अन्य कोई पदाधिकारी इस कार्यक्रम में अभी तक रूचि नही दिखा रहे हैं।

### पति ने किया था राजनीति से सन्यास का आह्वान

बीते दिनो विधायक अंबिका सिंहदेव के पति अमिताबो घोष ने विदेशी धरती से पत्नी के बारे में सिलसिलेवार पोस्ट किया था,हर पोस्ट में कई बाते लिखी गई, राजनीति छोड़ने का आह्वान किया गया,विधायक द्वारा मारपीट से लेकर राजनीति के माध्यम से कमाई और मुद्दे को अंबिका सिंहदेव द्वारा राजनैतिक मुद्दा बनाने तक की बात भी लिखी गई । यहां तक लिखा गया कि काका साहब भी स्वयं नही चाहते थे कि उनके परिवार का कोई सदस्य राजनीति के मैदान में आये,पति अमिताबो घोष ने एक अंतिम पोस्ट भी किया जिसमे सीधा लिखा गया कि या तो अंबिका जी राजनीति चुने या मुझे सीधा सीधा यह भी लिखा गया। हलांकि उनके द्वारा पूर्व के सोशल मीडिया पोस्ट में 10 फरवरी का एक समय भी दिया गया है,देखना होगा कि 10 फरवरी तक उनका अगला कदम क्या होता है। तो वहीं अंतिम पोस्ट के बाद अंबिका सिंहदेव ने वन विभाग के रेस्ट हाउस में एक आयोजन के माध्यम से अपने खास लोगो को भोजन कराते हुए सीधे शब्दो में कह दिया कि वे किसी प्रकार भ्रम में न रहे वे कही नही जा रही है। मतलब साफ है कि वे आने वाले समय में राजनीति ही करेंगी।

### क्या परिवार से दूर रहकर राजनीति ही करेंगी अंबिका सिंहदेव

स्व.कुमार साहब के जन्मदिवस पर शक्ति प्रदर्शन के तहत किये जा रहे उक्त आयोजन को लेकर राजनैतिक दृष्टि से काफी अहम मान रहे हैं,उनके पति द्वारा किये गये पोस्ट से लोग यह कयास लगा रहे थे कि शायद वह पति की बात मानें अपने परिवार के लिए बच्चो के लिए राजनीति त्याग कर वापिस जायें लेकिन उनकी तैयारी देखकर लोग अब मान रहे हैं कि वे राजनीति के ही क्षेत्र में रहकर काम करना चाह रही हैं। पहले काका का सपना पूरा करने का भरोसा दिलाया गया और कोरिया के विखंडन के बाद परिवार मे पति से विवाद होने पर भी राजनीतिक क्षेत्र में सक्रियता यह बतला रही है भविष्य में उनके द्वारा चुनावी समय में इसमें भी सहानुभूति बटोरने का प्रयास करें। उम्मीद है कि परिवार से दूर रहकर इसे भी चुनावी हथियार बनाया जा सकता है।

### आयोजन मात्र शक्ति प्रदर्शन का माध्यम

यह आयोजन सिर्फ और सिर्फ शक्ति प्रदर्शन का माध्यम माना जा रहा है,खोई हुई जमीन वापिस करने का यह प्रयास कितना कारगार साबित होगा यह तो भविष्य के गर्त में है लेकिन इतना जरूर है कि विधायक अंबिका सिंहदेव अब राजनीति के मैदान में पूरी तरह डट चुकी हैं,पार्टी में ही उनके विरोधियों की संख्या कम नही है लेकिन विरोधी भी उनके आगे दबे रहने में ही भलाई समझते हैं आज कांग्रेसी नेताओं की विधायक से दूरी जगजाहिर है लेकिन मौका पड़ने पर वे विधायक के कार्यक्रम मे शामिल भी होते है उनके इर्द गिर्द दिखलाई भी देते हैं।



## सीमा पति प्रमोद कुमार को साड़ी व मिठाई देकर सम्मान किया गया

सूरजपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम पंचायत परशुरामपुर में सीमा पति प्रमोद कुमार, के प्रथम पुत्री, होने पर सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता के द्वारा साड़ी व मिठाई देकर सम्मान किया गया। इस दौरान नितिश कुमार केवट उपसरपंच प्रतिनिधि, स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ बिन्दा साहू, भरत कंवर, पार्वती,अंगीरा प्रसाद, मितानिन नीरा बाई, उपस्थित थें।

## शा. उ. मा. वि. लटोरी,एनएसएस शिविर का हुआ समापन

सूरजपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



शाउमावि लटोरी, एनएसएस शिविर का सामापन कार्यक्रम हुआ, जिसमे संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वक डा.एस एन पाण्डेय सर उपस्थित हुए ,सर की गरिमामयी उपस्थिति एनएसएस युवाओं मे नई ऊर्जा का संचार कर दिया.सर ने युवाओ को स्वच्छता, कैरियर मार्गदर्शन ,ग्राम विकास, लीडरशिप के बारे मे बताया ,व युवाओं को जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।सामापन कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी नीलेश कुमार मिश्र ने मंच का संचालन किया एनएसएस युवाओं ने इस अवसर पर नृत्य ,गीत ,भाषण की प्रस्तुति दी,।युवाओं ने इन सात दिनों मे स्वच्छता रैली, मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताया ,मतदाता को अपने मतदान की शक्ति की पहचान कराई ,महत्व को बताया।समापन कार्यक्रम के अवसर पर संगीता त्रिपाठी(प्रभारी प्राचार्य) जीतेन्द्र नाथ तिवारी ,राजेश सोनी ,नीतू सिंह ,प्रज्ञा त्रिपाठी ,दीपिका देवनाथ,दीपशिखा उपस्थित रहे। शिविर स्थल के स्कूल प्राथमिक शाला भंडारपारा के शिक्षक रामजीत राजवाड़े ,प्रधान पाठक कुशवाहा मैडम उपस्थित रहें, युवाओ का मनोबल उचा करते रहें ।युवाओ ने शिविर मे ग्राम सर्वे किया जिसमे कोई भी टीबी, कैंसर ,पोलियो पीड़ित मरीज नही मिला एनएसएस युवाओं ने ग्राम के लोगो के साथ एक परिवार की तरह का माहौल बना लिए थे।समापन समय दोनो लोग दुखी थे।

## नफ़रत छोड़ो,भारत जोड़ो बुलंद नारे के साथ निकली कांग्रेस की हाथ जोड़ो पदयात्रा रैली

- संवाददाता -
लखनपुर , 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत केवरा बिलासपुर मुख्य मार्ग गांधी चौक से कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा रैली प्रदेश कांग्रेस सदस्य विक्रमादित्य सिंह देव, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता तथा जंप उपाध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव के नेतृत्व में हाथ जोड़ो पदयात्रा रैली 9 फरवरी दिन गुरुवार को निकाली गई। कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर धूप दीप प्रज्वलन एवं पुष्प माला अर्पित कर किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया ग्राम पंचायत केवरा के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए कांग्रेसियों का काफिला ग्राम पंचायत भवन के समीप समाप्त हुई। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस की चार साल की उपलब्धियों को बताया।इस पदयात्रा में ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह देव, सत्येन्द्र राय, रमेश जायसवाल, नरेंद्र पांडेय, गप्पू खान (मनउवर ),मुन्ना पांडेय ,अशफाक खान,मोजीब खान, अमीत बारी, मकसूद हुसैन, रामसुजान द्विवेदी , पूर्व जंप अध्यक्ष परमेश्वर सिंह,अजर राम चौधरी, कपील दास, रमजान खान,नरेश दास,जहुर खान, सहोदरी बाई कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता छोटे बच्चों और ग्रामीणजन शामिल रहे।

## पुलिस ने रामानुजनगर व प्रेमनगर क्षेत्र में लगे 4 ट्रांसफार्मर से कापर वाईडिंग तार चोरी मामले में 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले के रामानुजनगर व प्रेमनगर थाना क्षेत्र के 4 स्थानों पर लगे ट्रान्सफार्मर के कापर वाईडिंग तार चोरी मामले में पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्परतापूर्वक पतासाजी करते हुए जिला कोरिया, कोरबा, पेन्ड्रा व रामानुजनगर के 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दिनांक 19.09.22 को विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री दिलीप कोसले ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 17.09.2022 के रात्रि में ग्राम खजूरी पटेलपारा में लगे 16 केव्ही ट्रांसफार्मर से कापर वाईडिंग तार को अज्ञात व्यक्ति चोरी ले गए है। रिपोर्ट पर थाना प्रेमनगर में अपराध क्र. 117/22 धारा 379 भादसं व 136 विद्युत अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 07.02.2023 को विद्युत कार्यालय प्रेमनगर के श्रीराम सिंह पावले ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 फरवरी के मध्य रात्रि ग्राम केदारपुर तुम्माठिहईपारा में लगे 16 केव्ही ट्रान्सफार्मर से कापर वाईडिंग तार को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर थाना प्रेमनगर में अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 19/23 धारा 379 भादसं व 136 विद्युत अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना रामानुजनगर क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर और महेशपुर में लगे ट्रांसफार्मर के कापर वाईडिंग तार चोरी मामले में थाना रामानुजनगर में अपराध क्रमांक 198/22 व अपराध क्र. 253/22 धारा 379 भादसं व धारा 136 विद्युत अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।





मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के नेतृत्व में ट्रांसफार्मर से कापर वाईडिंग तार चोरी करने वाले आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए थाना प्रेमनगर व रामानुजनगर की संयुक्त पुलिस टीम गठित कर लगाया। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने चोरी की इन वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों पतासाजी व विवेचना को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ करते हुए नई तकनीक की मदद ली गई। इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि खड़गवां जिला कोरिया निवासी प्रमोद एवं आलोक केरकेट्टा की गतिविधियां संदिग्ध है और घटना के पूर्व दोनों वहां कई बार घुमते हुए देखे गए है। सूचना के आधार पर दोनों संदेहियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि धनफेर सिंह, उद्यान सिंह, राजेश तिग्गा व संजय कुर्रे, शिवम सोनवानी व गोरेलाल के साथ मिलकर ग्राम खजूरी पटेलपारा, ग्राम केदारपुर तुम्माठिहईपारा में लगे ट्रान्सफार्मर से कापर वाईडिंग तार चोरी किए है। पुलिस की और कड़ी पूछताछ में यह भी स्वीकार किया कि थाना रामानुजनगर क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर और महेशपुर में लगे ट्रांसफार्मर के कापर वाईडिंग तार को भी चोरी किए है।

मामले में आरोपी (1) आलेक केरकेट्टा पिता रामा केरकेट्टा उम्र 35 वर्ष (2) प्रमोद पिता स्व. राजनाथ उम्र 32 वर्ष (3) धनफेर सिंह पिता नोहर साय उम्र 30 वर्ष (4) उद्यान सिंह पिता रामलाल उम्र 29 वर्ष निवासी इंदरपुर, थाना खड़गवा, जिला कोरिया (5) राजेश तिग्गा पिता उमय लाल तिग्गा उम्र 22 वर्ष निवासी मातिन दाई, थाना पेन्ड्रा, जिला पेण्ड्रा (6) संजय कुर्रे पिता स्व. नारायण कुर्रे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम परमेश्वरपुर, थाना रामानुजनगर (7) शिवम सोनवानी पिता स्व. शंकरलाल उम्र 25 वर्ष (8) गोरेलाल सोनवानी पिता स्व. हीरालाल उम्र 31 वर्ष दोनों निवासी ग्राम दुलारपुर, थाना पासान जिला कोरबा को पकड़ा गया जिनके निशानदेही पर चोरी का क्वाईल कापर वाईडिंग तार 15 किलो कीमत करीब 28 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 2 नग मोटर सायकल और अन्य आलाजरब जप्त कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। क्षेत्रवासियों ने लगातार ट्रांसफार्मर से कापर वाईडिंग तार चोरी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

इस कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, थाना प्रभारी प्रेमनगर रूपेश कुंतल, थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई निर्मल राजवाड़े, एएसआई माधव सिंह, बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक परमेश्वर पैंकरा, दौलतराम, कुलदीप कुजूर, आरक्षक बेचू सोलंकी, खेलन सिंह, सोहन नेताम, काजल, दीपक यादव, रविशंकर साहू, सैनिक तूफान, सुभान, मानसाय, नरेन्द्र व पंकज सक्रिय रहे।

## स्वयं सहायता समूह के 40 महिलाओं को रेशम धागा निकालने दिया गया प्रशिक्षण

लखनपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के निर्देशानुसार लखनपुर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे बिहान के डीपीएम राहुल मिश्रा के मार्गदर्शन में लखनपुर विकासखंड के ग्राम पूहपुट्रा स्थित आदर्श गौठान में रीपा अंतर्गत रेशम धागा निकालने हेतु स्वयं सहायता समूह की 40 महिलाओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। तथा रेशम विभाग के एसएल सिंह, पंकज चौबे सहित मास्टर ट्रेनर द्वारा रेशम धागा निकालने का प्रशिक्षण 40 महिलाओं को देते हुए रेशम विभाग के अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही रेशम विभाग से जुड़कर कैसे लाभ लिया जा सकता है। विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य कर कैसे लाभ लिया जा सकता है इस संबंध में विस्तृत जानकारी महिलाओं को दी गई ।इस दौरान बिहान योजना के बी पी एम मनोज किस्पोट्टा यंग प्रोफेशनल अभिषेक पटेल बिहान के समस्त अमला उपस्थित रहे।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ ने 6 सूत्रीय माँग को लेकर एमसीबी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
एमसीबी,मनेंद्रगढ़,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शासकीय उचित मूल्य की दुकान विक्रेताओं को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ द्वारा एमसीबी जिला के मनेंद्रगढ़ में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद 6सूत्री मांगों को लेकर एमसीबी कलेक्टर को सौपा ज्ञापन। जिला अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव,सचिव प्रमोद तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष किसून सिंह गंगा सिंह,जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी,जिला कोषाध्यक्ष राजेश सिंहा सहित जिले के समस्त विक्रेता गण की उपस्थिति में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन गया।

जिला अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव ने कहा की 6 सूत्री मांगों पर आवेदन प्रेषित की गया है उक्त मांगों पर मानदेय व्यवस्था लागू करें की जाए समस्त राशन विक्रेताओं को 30 हजार मानदेय देने की व्यवस्था कराई जाए अथवा 300 रुपए प्रति क्विंटल सभी मदों में प्रदाय की जाए। सहयोगी तोलक को कलेक्टर दर से मजदूरी भुगतान हेतु पहल की जाए। भवन विहिन दुकानों को भवन किराया शासन से प्रदाय की जाए। सभी कमीशन की राशि प्रतिमाह प्रदाय की जाए जिससे विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति में सुधार सके। माह नवम्बर 2022 में बिना पूर्व सूचना के भौतिक सत्यापन किये बगैर छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न कटौती किया जाना न्याय संगत नहीं है। वर्ष 2016-17 में वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिये टेबलेट के द्वारा वितरण व्यवस्था लागू की गयी व बिना ट्रेनिंग दिए वितरण व्यवस्था को लागू किया गया। जिसके फल स्वरूप विक्रेताओं को टेबलेट से वितरण व्यवस्था में तकनीकी समस्यों का सामना करना पड़ा। सर्वर की समस्या होने पर ऑफ लाइन वितरण कराया गया नेटवर्क के अभाव में अपलोड नहीं हुआ। वस्तु स्थिति अनुसार मेनुअल वितरण व्यवस्था कराया गया। जो की टेबलेट में शेष स्कंध दिखाई दे रहा है। अन्य योजनाओं का सामग्री एंट्री



नहीं होना, एवं पूर्व संचालक एजेंसी के द्वारा खाद्यान्नों का सूपूर्तगी नहीं करना जो वर्तमान में शेष स्कंध में प्रदर्शित होना दर्शाता है। हमारी मांग है माह फरवरी 2022 के पूर्व शेष स्कंध को शून्य घोषित की जाए जबसे इपॉस चालू हुआ है उस बचत स्टॉक को किस्तों में समायोजन की व्यवस्था कराई जाए। ई-पॉस मशीन से कांटा कनेक्टीविटी पूर्णतः बंद हो, सर्वर बंद होने पर हितग्राहियों और विक्रेताओं के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। प्रदेश में लगातार समस्या आ रही है क्योंकि एक राशन कार्ड में 4 बार एंट्री, तौल करने पर 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है जब से कांटा कनेक्टीविटी हुई है तब से सर्वर की समस्या लगातार बनी हुई है जिसके कारण वितरण व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। इसलिये कांटा कनेक्टीविटी को पूरी तरह से बंद किया जाए और एक ही फिंगर से खाद्यान्न सामग्रियों की इपॉस मशीन में पुष्टि की व्यवस्था किया जाए ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से क्रियांवयन हो सके। प्रदेश के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों की मार्जीन कमीशन राशि वित्तीय पोषण की राशि वर्ष 2018, 2019, 2020 की बारदाना की राशि अप्राप्त है। भारत सरकार द्वारा एनएफएसए मद में माह अप्रैल 2022 से 70 रूपये से बढ़ा कर 90 रूपये प्रति क्विंटल कि गई है। 20 रूपये शेष राशि सहित सभी मदो कि राशि को राज्य सरकार द्वारा अविलंब भुगतान करवायी जाये। नागरिक अपूर्ति निगम जानकारी देने में असमर्थत जताते हैं और आज तक प्रदेश में पूरा राशि नहीं मिल पाया है। जिसे अविलंब प्रदाय करवायी जाये। कमीशन कि राशि सीधे विक्रेता संचालक के खाते में प्रदाय की जाये त्शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेताओं के बैंक खाते में सभी प्रकार की कमीशन की राशि को संचनालय रायपुर से सीधा प्रदाय की जाए खाद्य नागरिक अपूर्ति निगम या अनुसंस्था विभाग के माध्यम से देने पर 4 से 6 माह का समय लग जाता है। जिसकी जानकारी भी संबंधित विभा देने में असमर्थता जताते हैं और आज तक प्रदेश में पूरा राशि नहीं मिल पाय है नागरिक अपूर्ति निगम द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की जाती है जिसमें 3 प्रतिशत अतिरक्त सुखद के रूप में प्रति क्विंटल के हिसाब से भंडारण किया जाए। जिससे सार्टेज की कमी को पूरा किया जा सके। उपरोक्त मांगों को लेकर ऐसी बाध्यकारी परिस्थियों में एक प्रदेशव्यापी आंदोलन में जाने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं होगा। जब-तक न्यूनतम आय गारंटी मान के रूप में 30,000 रूपये अगामी बजट में प्रति दुकान प्रति माह पर विच नहीं किया जाता है और इस तरह कि अत्यंत आवश्यकता के तहत सार्वज वितरण प्रणाली में संभावित अव्यवस्था कि जिम्मेदारी हम पर नहीं होग यह पत्र आपकी सेवा में सादर संप्रषित है।

## घुटरापारा गोठान में प्राकृतिक पेंट का उत्पादन शुरू

**» 100 लीटर पेंट की ब्रिकी से 23 हजार रुपये की आमदनी**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

रीपा योजना के तहत शहरी गोठान घुटरापारा में स्थापित गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई से उत्पादन शुरू हो गया है। अब तक लगभग 500 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन भी हुआ है जिसमें से 100 लीटर पेंट बेचकर करीब 23 हजार रुपये की आमदनी हुई है।



गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट के उत्पादन के लिए मशीन यूनिट की शुरुआत हो चुकी है। अंबिकापुर के शहरी गोठान में पेंट बिक्री प्रारम्भ हो चुका है। अंबिकापुर नगर निगम के एल्डरमेन श्री संजीव मंदिलवार ने घुटरापारा गोठान से 100 लीटर प्राकृतिक गोबर पेंट खरीद कर इस का शुभारंभ किया।

श्री मंदिलवार ने बताया कि गोठान में प्राकृतिक गोबर पेंट बनाने की जानकारी मिलने पर बहुत अच्छा लगा। छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना में गोबर से पेंट बन रहा है। मैंने गोठान से 100 लीटर पेंट खरीदा। इससे बड़े बड़े कंपनियों की मोनोपोली खत्म होगी। और समूह की दीदियों को रोजगार के साधन मिलेंगे।

ज्ञातव्य है कि स्वच्छ अंबिकापुर मिशन सिटी लेवल फेडरेशन की दीदियों के द्वारा शहरी गोठान घुटरापारा में लगभग 500 लीटर प्राकृतिक गोबर पेंट का उत्पादन किया गया है। इसमे 230 रुपया प्रति लीटर के दर से पेंट का विक्रय किया जा रहा है। स्व सहायता समूह के द्वारा अब तक 100 लीटर पेंट का विक्रय कर 23 हजार रुपये का आय अर्जित किया जा चुका है।

## खाद्य मंत्री ने किया 2.69 करोड के नल-जल योजना का भूमिपूजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने बुधवार को दरिमा तहसील के नानदमाली व बड़ादमाली में 2.69 करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल योजना का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम खिरखिरी में विद्युतीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगतार विकास के कार्य हो रहे हैं। किसानों के करीब 10 हजार करोड़ रुपये कर्ज माफ किया गया। देश में धान का सबसे ज्यादा मूल्य छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राशनकार्ड पहले कई रंग का बनता था जिससे भ्रम की स्थिति निर्मित होती थी लेकिन अब एक ही रंग का कार्ड बन रहा है जिससे लोगों को सुविधा हो रही है। कोविड काल मे भी सरकार ने ईलाज, दवाई व खाने की व्यवस्था में पीछे नहीं रहा। सरकार लगातार बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था पर विशेष जोर दे रही है। हाल ही में स्कूल भवनों के मरमम्त के लिए सरगुजा जिले 847 भवनों के लिए 40 करोड़ की राशि स्वीकृत किया गया है।

इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के सदस्य श्री संजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, सरपंच श्री पीयूष लकड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुरानी पेंशन योजना एवं नवीन अंशदायी पेंशन योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

- संवाददाता -
बलरामपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन अम्बिकापुर श्री के.एस. मराबी द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन बलरामपुर के सभाकक्ष में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के परिणाम स्वरूप किये जाने वाली आवश्यक कार्यवाहियों तथा पुरानी पेंशन योजना एवं नवीन अंशदायी पेंशन योजना के विकल्प चयन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पुरानी पेंशन योजना एवं नवीन पेंशन योजना को विस्तार पूर्वक बताया गया ताकि अधिकारी/कर्मचारियों को उचित योजना के चयन करने में कोई परेशानी ना हो। संयुक्त संचालक श्री मराबी ने यह भी बताया कि राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार 01 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 के मध्य नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का चयन करने अथवा नवीन अंशदायी पेंशन योजना में यथावत बने रहने हेतु विकल्प प्रस्तुत करना अनिवार्य है, विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2023 निर्धारित की गई है।

जिला कोषालय अधिकारी श्री संतोष सिंह द्वारा कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को नोटराईज्ड विकल्प भरने तथा कार्मिक सम्पदा के पोर्टल में ऑनलाईन अपलोड करने की प्रक्रिया पी.पी.टी. के माध्यम से बतायी गयी। एक दिवसीय कार्यशाला में कोष एवं लेखा पेंशन कार्यालय अम्बिकापुर के उप संचालक श्री अनिल तिर्की एवं सहायक संचालक श्री रामनारायण सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## गोबर बेच कर अवध ने खरीदा पल्सर बाईक



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

गोठान में गोबर बेच कर ग्रामीण, पशुपालक और किसान अपनी जरूरतें पूरा करने साथ आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। ऐसे ही नमनाकला पावर हाउस निवासी एक पशुपालक ने गोबर बेचकर पल्सर मोटर साइकिल ख़रीदा है।

अंबिकापुर शहरी गौठान घुटरापारा में गोबर बेचने वाले गोपालक श्री अवधलाल यादव ने बताया कि गायों का दूध तो आसानी से बिक जाता है लेकिन गाँव में गोबर कोई नहीं ख़रीदता था। ऐसे में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना में गोबर की ख़रीदी शुरू हुई तो चेहरे पर चमक आ गई क्योंकि उसकी क़ीमत 2 रुपया प्रति किलो मिलेगी ऐसा कभी नहीं सोचा था। ऐसे में तत्काल योजना में पंजीयन कराया और गोठान में गोबर बेचना शुरू कर दिया। गोबर बेच कर मुझे प्रतिमाह लगभग 44 सौ रुपया की आमदनी हो रही है। अब तक मैंने लगभग डेढ़ लाख रुपया से अधिक मूल्य का गोबर बेचा है। इससे पल्सर मोटरसाइकिल ख़रीदी और गाय भैंस भी ख़रीदा है। इस आमदनी से अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे से कर रहा हूँ। गोबर बेचने से हर 15 दिन में मुझे गोबर का पैसा मेरे खाते में प्राप्त हो जाता है।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशन और जिला सीईओ श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन मैं गोधन ने योजना का सुचारु रूप से संचालन किया जा रहा है। गोठान से जुड़कर ग्रामीणों, पशुपालकों, महिला स्व सहायता समूह को सतत रूप से आमदनी प्राप्त हो रही है। ज्ञातव्य है कि राज्य में पशुधन संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोधन न्याय योजना की शुरुआत की गई। शासन की जनकल्याणकारी योजना से ग्रामीण और शहरी इलाकों में पशुपालकों को आमदनी का अतिरिक्त जरिया मिला है। इस योजना के तहत शासन राज्य के गौठानों में 2 रूपये प्रति किलो की दर से गोबर क्रय कर रही है जिससे राज्य में एक नई क्रांति की शुरुआत हुई है। कभी गोबर का कोई मोल नहीं था लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने गोबर का दाम देकर गौपालकों के आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव किया है।

## पोस्ट ऑफिस के माध्यम से प्राप्त हो रहे वोटर आईडी कार्ड

**» डुप्लीकेट वोटर आईडी प्राप्त करने हेतु वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भरें फार्म-8**

**» आगामी अर्हता तिथियों अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष आयु पूर्ण कर रहे युवा फार्म 6 में करें अग्रिम आवेदन**





- संवाददाता -
बलरामपुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग के नए नियमानुसार वोटर आईडी कार्ड अब घर बैठे पोस्ट ऑफिस के माध्यम प्राप्त हो रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.एस. पैकरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की सुविधाओं नित् नए नवाचार किये जा रहे हैं। अब मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड के लिये तहसील कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता घर बैठे अपना वोटर आईडी कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। यदि किन्हीं मतदाता का वोटर आईडी कार्ड में दर्ज विवरण जैसे मतदाता का नाम, रिश्तेदार का नाम, जन्मतिथि या फोटो में सुधार कराना चाहते हैं तो मतदाता अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फार्म 8 भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता nvsp.in ¥ÍßÆ voterportal.eci.gov.in के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। इसके लिये मतदाता को अपने मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन करना होगा। लॉगिन पश्चात मतदाता को संशोधन के कारण को चयन करना होगा, जैसे स्थानांतरण के कारण, मतदाता विवरण में सुधार, मोबाइल नम्बर अद्यतन, दिव्यांग मतदाता के चिन्हांकन या फिर वोटर आईडी गुम जाने कट-फट जाने की दशा में डुप्लीकेट वोटर आईडी का चयन किया जाना होगा। चयन करने उपरांत संबंधित जानकारियां दर्ज किये जाने के पश्चात् आवेदन पत्र ऑनलाईन ही जमा किया जा सकेगा। संबंधित विधानसभा के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी के दस्तावेज परीक्षण उपरांत निर्धारित समय-सीमा के भीतर आपके आवेदन का निराकरण कर जायेगा। निराकरण पश्चात स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाता के दिये गये पते पर वोटर आईडी कार्ड पोस्ट ऑफिस के माध्यम से स्पीड पोस्ट से प्रेषित कर दी जायेगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.एस. पैकरा ने बताया कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में अब तक माह जनवरी 2022 से लेकर अभी तक 27653 मतदाताओं को स्पीड पोस्ट के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड प्रेषित किया गया है। नए मतदाता, सुधार अथवा डुप्लीकेट सभी प्रकार के इपिक कार्ड केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित किये जा रहें हैं। तहसील कार्यालय में इपिक प्रिंट की सुविधा अब पूर्ण रूप से बंद हो चुकी है। वोटर हेल्पलाइन ऐप, एनवीएसपी पोर्टल, वोटर पोर्टल के माध्यम से नए मतदाता पंजीयन, सुधार के आवेदन किये जा सकते हैं।

## जिले में चाय का उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के दिए निर्देश

- संवाददाता -
जशपुरनगर 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्थित गढ़कलेवा में टी-कॉफी बोर्ड समिति की बैठक ली। उन्होंने जिले में चाय का उत्पादन बढ़ाने हेतु सर्वे कराकर अधिक से अधिक किसान चिन्हांकित करने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी श्री जितेन्द्र उपाध्याय, छत्तीसगढ़ टी कॉफी बोर्ड के सलाहकार श्री प्रवीण कोचर, उपसंचालक उद्यानिकी, नाबार्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में डॉ. मित्तल ने कहा कि जिले में चाय के उत्पादन की अच्छी संभावना है। इस हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। जिले में चाय के उत्पादन को बढ़ाने हेतु वन, उद्यानिकी, कृषि सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु शिविर लगाकर सर्वे के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों चिन्हांकन करने, उन्हें चाय की खेती से होने वाले लाभ की जानकारी देकर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि चयन, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई के लिए ड्रीप व्यवस्था, फेसिंग इत्यादि सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने विभागों में नर्सरियों के माध्यम से चाय के पौधे तैयार करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिले में चाय के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के मसाले की खेती को भी बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान जशपुर के गढ़कलेवा में मिलेट से तैयार किए जा रहे रागी का चीला, ज्वार का भजिया जैसे अनेक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनो का अधिकारियों ने स्वाद लिया। सभी ने इन व्यंजनों के स्वाद की तारीफ करते हुए गढ़कलेवा संचालक महिला समूह को शुभकामनाएं दी।

## बबीता तीसरी बार महिला काँग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष हुई नियुक्त

- संवाददाता -
चिरमिरी,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले से एक बार फ़िर जिले की वरिष्ठ महिला नेत्री पार्षद नगर निगम चिरमिरी बबीता सिंह को छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला काँग्रेस में उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली हैं।ये तीसरी बार होगा कि बबीता सिंह का मनोनयन प्रदेश महिला काँग्रेस उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठापूर्ण पद पर किया गया हैं। कोरबा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अनुशंसा से बबीता सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। बबीता की पहचान जिले की तेज़तर्रार महिला नेत्री में की जाती हैं। वे पूर्व में कोरबा एवं सरगुजा लोकसभा की प्रभारी रह चुकी हैं।गौरतलब है कि बीते दिनों राजधानी से सचिव प्रभारी छत्तीसगढ़ महिला काँग्रेस सुनीता सहरावत के हस्ताक्षरित छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला काँग्रेस के पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की सूची जारी हुई जिसमें अविभाजित कोरिया जिले के चिरमिरी नगर निगम की काँग्रेस पार्षद बबीता सिंह की उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई। नवनियुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला काँग्रेस उपाध्यक्ष बबीता सिंह ने काँग्रेस संगठन में मिले महत्वपूर्ण दायित्व को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला काँग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद फूलोंदेवी नेताम एवं समस्त काँग्रेस जनों के प्रति आभार ज्ञापित कर कहा कि वे पूर्णनिष्ठा से काँग्रेस संगठन की मजबूती के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जारी सूची में प्रदेश उपाध्यक्ष के प्रतिष्ठापूर्ण पद में कोरिया एवं नवगठित एमसीबी जिले से एकमात्र बबीता को जगह मिली हैं।



# खड़गवा जनपद पंचायत में निर्माण कार्यो मे भ्रष्टाचार रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है...

» नित नये नये तरीके अपना रहे हैं भ्रष्टाचार करने के लिए

» ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अधिकारियों का संरक्षण है प्राप्त

» ग्राम पंचायत कंहरबहरा तामडाड जिलीबांध मे विधायक मद योजना से लाखों रुपये की लागत से आर सी सी पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है



- राजेन्द्र कुमार शर्मा -
खड़गवा, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ऐसा ही मामला कंहरबहरा ग्राम पंचायत में सामने आया है कि आर सी सी पुलिया का निर्माण कार्य खेत की मेढ मे करा दिया गया है अब उसकी उपयोगिता पर ही सवाल खडे हो रहे हैं ग्रामीणों को भी यह समझ नहीं आ रहा है कि खेत के मेढ मे पुलिया कयो बनाई गई है। जबकि ग्रामीण खेत से अपने घर मेढ की पगडंडी से आना जाना करते हैं बारिश के दिनों में पानी भरने से किसान मेढ काटकर खेत मे से पानी बाहर निकालते हैं। यहां भी मामला कुछ ऐसा ही था लेकिन मिट्टी कटाव वाली जगह पर पंचायत ने फिजूल खर्च कर पुलिया का निर्माण करा दिया और अधिकारी भी इसे रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं लिया गया दरअसल जहां पुलिया बनाई है वहां कच्ची सड़क तक नहीं है जबकि ग्राम पंचायत के कई मोहल्ले पारा मे पुलिया निर्माण कार्य कि मांग है।

### ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अधिकारी कार्यालय में बैठ कर इसटीमेट तैयार करते हैं

इस का जिता जगता उदाहरण कंहरबहरा मे पगडण्डी पर बना दी गई लाखों रुपये की लागत कि पुलिया ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अधिकारी सथल का निरीक्षण करने सथल पर जाते ही नहीं है वो कार्यालय में बैठ कर निर्माण कार्य का इसटीमेट तैयार करते हैं ऐसा ही मामला कुछ दिनो पूर्व पोडी ग्राम पंचायत में भी हुआ जहां पर समतल जगह पर पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे जाच के पश्चात रोका गया अधिकारी सिर्फ कागजों में ही क्षेत्र के निर्माण कार्यो को देख रहे हैं ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तो कार्यालय में ही बैठे नजर आते हैं वो भी कभी कभार उन्हें क्षेत्र मे चल रहे निर्माण कार्यो की जाच करने की फुर्सत नहीं है?

### यात्रिकी विभाग के संरक्षण में चल रहा है निर्माण कार्यो मे भ्रष्टाचार

ग्रामीण यात्रिकी विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यो के इसटीमेट सथल निरीक्षण के पश्चात तैयार किये जाते हैं मगर खडगवा ग्रामीण यात्रिकी विभाग में किसी भी निर्माण कार्य का इसटीमेट कार्यालय में बैठ कर जदा से जदा लागत का इसटीमेट तैयार किया जाता है जिसमें इन अधिकारियों का अपना हिस्सा भी इसटीमेट मे शामिल रहता है इनके सरक्षण मे धडल्ले से गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य और भ्रष्टाचार चल रहा है?

इस संबंध में ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## अविश्वास प्रस्ताव पर कराए गए मतदान में कौशिल्या देवी वैष्णव को मिली शिकस्त

- संवाददाता -
कोरबा,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या देवी वैष्णव के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चली आ रही उथल-पुथल आज शांत हो गया। गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पर कराए गए मतदान में उपाध्यक्ष के पक्ष में मात्र 6 सदस्यों ने मतदान किया जबकि 18 सदस्यों ने विपक्ष में मतदान किया। इस तरह तमाम कवायदों के बाद भी जनपद उपाध्यक्ष अपनी कुर्सी बचा पाने मेंअसफल रही।पिछले कई दिनों से इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कोरबा जनपद पंचायत सहित प्रशासनिक गलियारे में काफी हलचल मची हुई थी। उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव जनपद सदस्यों द्वारा लाए जाने के बाद जनपद सीईओ जीके मिश्रा एवं सहायक ग्रेड 2 सुरेश पांडेय के विरुद्ध शिकायत हुई और इन दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया गया जिसके बाद जनपद की राजनीति में पद को लेकर और अधिक गहमागहमी बढ़ गयी थी । हालांकि उपाध्यक्ष की ओर से दो जनपद सदस्यों ने अपने हस्ताक्षर के फर्जी होने की बात प्रसारित की लेकिन मतदान में सारी तस्वीर साफ हो गई।कलेक्टर संजीव झा ने अविश्वास प्रस्ताव के सम्मिलन की अध्यक्षता के लिए संयुक्त कलेक्टर सेवाराम दीवान को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया था। अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन प्रातः 11 बजे कार्यालय जनपद पंचायत कोरबा के सभा कक्ष में आहुत किया गया। पीठासीन अधिकारी द्वारा विधिवत् सम्पूर्ण कार्यवाही संपन्न कराया गया। पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के लिए कुल वैध मतों में से दो तिहाई मत से अधिक आवश्यक थी। उपाध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या देवी वैष्णव को जनपद उपाध्यक्ष पद से हटाने के लिए 24 वैद्य मतों में से 17 मतों की जरूरत थी लेकिन इससे भी अधिक 18 सदस्य ने कौशिल्या देवी वैष्णव के खिलाफ किया मतदान।



## चोरी के सामान को बरामद करवाने के दौरान चोर ने पुल से लगाई छलांग हुआ घायल



- संवाददाता -
कोरबा,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

चोर की निशानदेही पर चोरी किए गए सामानों की बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान आरोपी पुलिसकर्मियों को धक्का देकर पुल से कूद पड़ा। उसकी इस हरकत से जहां पुलिस परेशान रही वहीं चोटिल चोर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना दीपका में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जितेश चंद्र सिंह 08 फरवरी को स्टाफ एवं गवाहों के साथ थाना दीपका में दर्ज चोरी की धारा 457,380 भादवि के आरोपी विकास हिमधर को अभिरक्षा में लेकर चोरी के जेवरात की जप्ती कार्यवाही के लिए रवाना हुआ था । इसके बाद विकास हिमधर पिता टेकलाल निवासी कोरबा बुधवारी बस्ती को उसके द्वारा पुलिस को बताए अनुसार कि उसने चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर को प्लास्टिक के पन्नी में लपेटकर सर्वमंगला रेलवे ब्रिज के पहले पिलर में लगे लोहे के स्ट्रक्चर के नीचे छिपा कर रखा है, बताने पर उसे बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था के इसी दौरान रेलवे पुल के ऊपर पहुंचने पर विकास हिमघर आरक्षक अभिजीत को धक्का देकर रेलवे पुल से भागने लगा और फिर नीचे छलांग लगा दिया। पानी / रेत की बजाय जमीन में गिरने से उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई है। पुलिसकर्मियों ने तत्काल पीछा करते हुए आरोपी को धर दबोचा एवं देर न करते हुए उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया । आरोपी विकास हिमधर के विरुद्ध कुसमुंडा थाना में धारा 224 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।प्रकरण में एक अन्य आरोपी हिमांशु साहू को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को समय सीमा के भीतर प्रकरणों के निराकरण करने के दिए निर्देश

- संवाददाता -
कोरबा,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री संजीव झा ने एसडीएम और तहसील कार्यालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने तहसीलवार बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, मसाहती सर्वेक्षण एवं मुआवजा वितरण आदि से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर प्रकरणों के तेजी से निराकरण के दिए निर्देश । बैठक में तहसील कार्यालयों के रीडर भी शामिल हुए। कलेक्टर ने ई-कोर्ट में दर्ज प्रकरणों की अद्यतन स्थिति जानने और प्रकरणों के लंबित होने के वास्तविक कारणों की जानकारी लेने सभा कक्ष में ही कंप्यूटर के माध्यम से रीडरो के आईडी से प्रकरणों का आनलाइन अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों के कारणों की जानकारी रीडरो से लेकर लंबित के कारणों को ऑनलाइन दर्ज नहीं करने वाले रीडरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। कलेक्टर श्री झा ने राजस्व न्यायालयीन प्रक्रिया संबंधी ज्ञान को परखने के लिए वाचको का टेस्ट भी लिया। टेस्ट में वैकल्पिक उत्तरों युक्त 50 प्रश्नों से समाहित प्रश्न पत्र दिए गए। प्रश्न पत्र में भू-राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं और राजस्व न्यायालयीन प्रक्रियाओं की सामान्य जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कलेक्टर श्री झा ने राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों को कहा कि राजस्व न्यायालय की गरिमा को बनाए रखते हुए अनुशासन और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समय सीमा के भीतर ही प्रकरणों का निराकरण किया जाए। आदेश पारित होने के पश्चात् अभिलेख दुरूस्ती के काम को भी समय में संपादित करें। उन्होंने पटवारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में रीडरो की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने और पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ बैठक में समीक्षा करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर द्वय श्री विजेंद्र पाटले, श्री प्रदीप साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री सेवा राम दीवान, एसडीएम पाली श्री शिव बनर्जी, एसडीएम कोरबा श्रीमती सीमा पात्रे, एसडीएम कटघोरा श्री कौशल तेंदुलकर सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं वाचक गण शामिल हुए।



## संभागायुक्त एवं अपर आयुक्त के मध्य कार्य विभाजन

अम्बिकापुर,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कमिश्नर डॉ संजय कुमार अलंग ने पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आयुक्त एवं अपर आयुक्त के मध्य कार्य विभाजन किया है। जारी आदेशानुसार संभागयुक्त द्वारा जिला सरगुजा एवं सूरजपुर के राजस्व प्रकरणों में समस्त अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित आदेशां के पारित अपील एवं पुरीक्षण प्रकरणों का निराकरण, संभाग के समस्त जिलों के पंचायत राज अधिनियम एवं स्टाम्प अधिनियम के विरुद्ध पारित आदेशों के विरुद्ध अपील एवं पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण, संभाग के समस्त जिलों से आने वाले प्रकरण को शासन को प्रेषित किये जाने हैं का परीक्षण कर शासन को प्रेषित करना, शस्त्र लायसेंस एव जिला दंडाधिकारी द्वारा आयुद्ध अधिनियम के तहत पारित आदेशों के विरुद्ध प्रस्तुत प्रकरणों का निराकरण तथा संभाग के अंतर्गत आने वाले अन्य मामले को देखा जाएगा। अपर आयुक्त द्वारा जिला जशपुर, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं मनेंद्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर जिले के राजस्व प्रकरणों में समस्त अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है : श्री हित ललित वल्लभ जी महाराज



- संवाददाता -
कोरबा,09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री हित ललित बल्लभ जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहां की नंद उत्सव के पश्चात भी बधाइयां देने का हर्षोल्लास बना रहा तब कंस के आदेश पर पूतना नाम की राक्षसी अपने स्तनों में जहर लगाकर भगवान कृष्ण को मारने आई उसे देखकर भगवान ने नेत्र बंद कर लिए पूतना भगवान को उठाकर आकाश मार्ग में ले गई भगवान ने दूध के साथ पूतना के प्राणों को भी पी लिया और उसका उद्धार कर दिया। महाराज जी ने कथा के प्रसंग में श्री राधा जन्मोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया और शिक्षा प्रदान की की बेटा बेटी में भेद नहीं समझना चाहिए एक समान दृष्टि रखना चाहिए ढ्ढ शहनाई उसी के घर बजती है जिनके यहां बेटी का जन्म होता है ढ्ढ प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान ने अघासुर बकासुर धनु का सुर आदि कई राक्षसों का उद्धार किया माखन चोरी लीला का समाज को संदेश दिया कि पहले अपने परिवार को पुष्ट करें फिर विक्रय करें। चीर हरण लीला के अंतर्गत प्रभु ने समझाया कि जलाशय में कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान ना करें ऐसा करने से जल के देवता वरुण देव का अपमान होता है। यमुना जी को कालिया नाग के प्रदूषण से मुक्त कराया और यमुना जल को स्वच्छ किया लेकिन आज कई कालिया उत्पन्न हैं जो भारत देश की स्वच्छ नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं आज हमारे देश की नदियां प्रदूषित हो गई हैं ढ्ढ समाज को एकजुट होकर नदियों को प्रदूषण से मुक्त कराना चाहिए जिससे वह पहले की भांति स्वस्थ हो जाएं। गोवर्धन पर्वत पूजा करवाई श्री कृष्ण ने ब्रज वासियों से पर्वत पूजा का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण का यही था की प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है ढ्ढ महाराज जी ने बताया कि भगवान कृष्ण का एक नाम वनमाली भी है क्योंकि वह प्रकृति से बहुत स्नेह करते हैं प्रकृति है तो ही संसार है।

## अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर की जाए सख्त कार्यवाही : कलेक्टर संजीव झा



- संवाददाता -
कोरबा, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली साथ ही टास्क फोर्स समिति के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसईसीएल खनन क्षेत्र में कोयला की चोरी की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु एसईसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया । साथ ही खनिज परिवहन में संलग्न वाहनों को तारपोलिन से ढंककर व्यवस्थित रूप से परिवहन करने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने खनन क्षेत्र का मासिक प्रतिवेदन/कर निर्धारण समयावधि में करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में संचालित निर्माण विभागों में फ्लाई एश ब्रिक्स का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए समस्त निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा ने छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2023 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों को खनिज रेत खदान आबंटित करने के लिए जांच प्रतिवेदन एवं सीमांकन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के भी निर्देश डीएफओ, तहसीलदार एवं सभी जनपद पंचायत को दिए। बैठक में सभी एसडीएम सहित वन विभाग, पर्यावरण विभाग, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मैनपाट में किया गया विधिक सहायता शिविर का आयोजन



- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री आर.बी. घोरे के निर्देश पर सचिव श्री अमित जिन्दल ने मैनपाट एवं जलजली में मंगलवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित लोगो को सचिव श्री जिंदल ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 यथा संशोधित के बारे में बताया। इसके साथ ही कहा कि अधिनियम की धारा 3 के अनुसार अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य को अखाद्य या घृणाजनक पदार्थ पीने या खाने के लिए मजबूर करना या उनके प्रवेश द्वारा पर मल-मूत्र, मल. पशु-शव या कोई अन्य घृणाजनक पदार्थ इकट्ठा करना या उसे नग्न या अर्धनग्न करना या उस व्यक्ति के कपड़े उतारना, बलपूर्वक सिर का मुण्डन करना, मूंछे हटाना, या उसकी जमीन पर कब्जा करना या उसे बलात श्रम के लिए विवश करना या महिलाओं पर अत्याचार या उसके मतदान के अधिकार के प्रयोग में बाधा डालना या उसके विरूद्ध बिना आधार के शिकायत करना या उसे गाली गलोच करना आदि अपराध है। इसके साथ ही 11 फरवरी को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझौते से प्रकरणों को निराकरण कराकर लाभ लेने के बारे में बताया गया।

# विधायक एवं कलेक्टर ने पाली महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा,कार्यक्रम की रूपरेखा पर की चर्चा

- संवाददाता -
कोरबा, 09 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर पाली में आयोजित होने वाले पाली महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पाली तानाखार विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा और कलेक्टर श्री संजीव झा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ आज केराझरिया स्थित मैदान पहुंचे। पाली महोत्सव आयोजित करने के लिए पाली से लगे केराझरिया में स्थित लगभग दो एकड़ खाली मैदान का चयन किया गया है। महोत्सव स्थल पर पहुंचकर विधायक एवं कलेक्टर ने पूरे स्थल का जायजा लिया। साथ ही कार्यक्रम की रूप रेखा पर विस्तृत चर्चा की। विधायक एवं कलेक्टर ने गरिमामय तरीके से पाली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित करने मैदान में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने महोत्सव स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, मुख्य मंच निर्माण, स्थल के प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग व्यवस्था, चलित शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेकर सभी इंतजाम तेजी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम आवागमन के लिए निर्धारित रूट भी तय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा ने कार्यक्रम के दौरान विद्युत व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक साज-सज्जा, माइक व्यवस्था, बैठक व्यवस्था एवं लाइटिंग के लिए बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्री प्रशांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, एसडीएम पाली श्री शिव बनर्जी सहित पीडब्ल्यूडी, सीएसईबी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



CMYK

# रविंद्र जडेजा की फिरकी में फंसे कंगारू



### ऑस्ट्रेलिया की टीम नागपुर में चारों खाने चित, 177 रनों पर हुई ढेर

**नागपुर , 09 फरवरी 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर में खेली जा रही है बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारत ने शानदार शुरुआत की। भले ही टीम इंडिया इस मैच में टॉस हार गई, लेकिन गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने कंगारुओं को 177 रन पर ही ढेर कर दिया। मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने थोड़ा योगदान जरूर दिया, लेकिन टीम 200 रन भी नहीं बना सकी।
बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की टीम की ओर से खराब शुरुआत देखने को मिली है।
ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 177 रन बनाकर ढेर हो गई। कंगारू बल्लेबाज रविंद्र जडेजा की फिरकी में फंस गए। उन्होंने 5 विकेट चटकाए, जबकि दिग्गज ऑफ स्पिनर आर अश्विन को तीन विकेट मिले। 1-1 सफलता मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी को मिली।

## तीन साल के ब्रेक के बाद 23 फरवरी से शुरू होगा इंडियन ओपन

**नई दिल्ली , 09 फ रवरी 2023।**देश का राष्ट्रीय ओपन और प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट इंडियन ओपन कोरोनावायरस महामारी के कारण तीन साल के ब्रेक के बाद इस महीने के अंत में लौटने के लिए तैयार है।
डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 23-26 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले इंडियन ओपन में मौजूदा चैंपियन स्टीफन गैलाचर, 2018 राइडर कप विजेता कप्तान थॉमस ब्योर्न, उनके साथी राइडर कप सहित स्टार खिलाड़ियों का एक उच्च स्तरीय मैदान दिखाई देगा। टीम के साथी थोरबॉर्न ओलेसन, स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकइंटायर और डेनमार्क के उभरते हुए सितारे निकोलाई होजगार्ड।
इस साल, डीपी वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट पहली बार पुरस्कार राशि के रूप में 2 मिलियन अमरीकी डालर के ऐतिहासिक आंकड़े को छूएगा और 20 से अधिक देशों के 120 खिलाड़ियों के मैदान की मेजबानी करेगा। हीरो मोटोकॉर्प के अध्यक्ष और सीईओ पवन मुंजाल ने कहा, ÷हम हीरो इंडियन ओपन को एक्शन में लौटते हुए देखकर खुश हैं। हीरो मोटोकॉर्प इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से करीब दो दशक से जुड़ा हुआ है और हमने इस दौरान टूर्नामेंट को बढ़ते हुए देखा है। इस अवधि। टूर्नामेंट ने खेल को बढ़ाने और भारतीय गोल्फरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम नवाचार और नए लाने के अलावा दुनिया भर में डीपी वर्ल्ड टूर के साथ अपने जुड़ाव को देखकर भी खुश हैं। खेल के अवसर। हम सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हैं और रोमांचक, विश्व स्तरीय गोल्फिंग एक्शन के एक सप्ताह के लिए तत्पर हैं।



## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप की तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली,09 फ रवरी 2023।** राष्ट्रीय कार्यक्रम में जगह बनाने की होड़ में देश के उभरते हॉकी सितारे घरेलू चैंपियनशिप के लिए तैयार होंगे, जहां राष्ट्रीय चयनकर्ता नई प्रतिभाओं को खोजने के लिए मौजूद रहेंगे। इस साल का घरेलू सत्र सभी महत्वपूर्ण 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के साथ शुरू होगा जो 15 फरवरी से आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुरू होगी।
पिछले साल के विजेता ओडिशा अपने खिताब का बचाव करना चाहेंगे, जबकि उपविजेता कर्नाटक फाइनल में अपनी 0-2 की हार का बदला लेने की उम्मीद करेंगे। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कुल 29 टीमें काकीनाडा पहुंचेंगी। 26 फरवरी को होने वाली तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर मेन इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2023 के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक उपक्रमों के साथ बेंगलुरु में हॉकी के शौकीनों के साथ रोमांचक कार्रवाई की जाएगी।
नई दिल्ली में आयोजित पिछले संस्करण में, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने शीर्ष सम्मान हासिल करने के लिए रोमांचक शूटआउट में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को 3-1 से हराया था, जबकि सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने पंजाब नेशनल बैंक को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया था।
पीएसयू के लिए विशेष रूप से शुरू की गई इस नई शुरू की गई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले संस्करण के बाद जुगराज सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ियों को 2022 में सीनियर राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए कॉल-अप मिला और बाद में राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी शुरुआत की।
जबकि मार्च में जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ स्न्रद्ध॥ हॉकी प्रो लीग घरेलू खेलों के लिए राउरकेला में हॉकी की वापसी होगी, घरेलू सत्र अप्रैल में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के साथ फिर से शुरू होगा।
पिछले साल शूटआउट में तमिलनाडु को 3-1 से हराकर हरियाणा चैंपियन बना था जबकि तीसरे-चौथे प्लेसिंग मैच में कर्नाटक ने महाराष्ट्र को 4-3 से हराया था। घरेलू सत्र की शुरुआत के बारे में बात करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ÷प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पास बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा ध्यान दिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और भविष्य के लिए प्रतिभा पूल को बढ़ाने के मामले में ये वार्षिक चैंपियनशिप महत्वपूर्ण हैं। हॉकी इंडिया, हमारे मेजबान सदस्य इकाइयों की मदद से यह सुनिश्चित करेगा कि सभी भाग लेने वाली टीम के पास उनके इष्टतम प्रदर्शन के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं। हॉकी इंडिया अन्य आयु-समूह और अंतर-अकादमी चैंपियनशिप के लिए तारीखों की घोषणा करेगा जो इस साल के अंत में निर्धारित की जाएगी।

## कर्जदार ड्राइवर का बेटा लंबी छलांग को तैयार

**भोपाल , 09 फ रवरी 2023।** प्रतिभा के लिए कभी सुविधाओं और संपन्नता की जरुरत नहीं होती, इसका उदाहरण है अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी क्षितिज पर चमकते राष्ट्रीय चेंपियन चमकते विजय प्रजापति। मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के निवासी विजय के पिता ड्राइवर है और उन पर कर्ज भी बहुत है।
अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विजय प्रजापति ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में कांस्य पदक (55 किग्रा) जीता है। इस स्टार भारतीय भारोत्तोलन खिलाड़ी के बारे में अधिक बात करें तो उन्होंने मेक्सिको में 2022 आईडब्ल्यूएफ यूथ वर्ल्ड वेट लिफ्टिंग चेंपियनशिप में पुरुषों के 49 किग्रा इवेंट में कुल 175 किग्रा भार उठा कर रजत पदक भी जीता है।
इस स्टार खिलड़ी का सफर आसान नहीं था, कई उतार-चढ़ाव आए। उनके पिता, जो एक ड्राइवर हैं, के ऊपर काफी कर्ज है और वे पिता को सभी कर्ज से मुक्त करना चाहते हैं।



उनका कहना है कि आपके पास न केवल प्रतिस्पर्धात्मकता बल्कि क्षमता भी होनी चाहिए, कभी हार न मानने की, भले ही आप किसी भी परिस्थिति का सामना कर रहे हों।
इतना ही नहीं उन्हें वेट लिफ्टिंग में भी काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चोट की बहुत संभावना रहती है। चोट से ठीक होना समय लेने वाली प्रक्रिया है। साथ ही फिट रहने और स्वस्थ शरीर रखने के लिए उचित आहार की आवश्यकता होती है। इन चुनौतियों का विजय ने धैर्य, दृढ़-संकल्प और देश के लिए पदक जीतने की ललक के साथ सामना किया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स ने उन्हें मीलों तक आगे पहुंचने के लिए असाधारण मंच प्रदान किया है।
भारोत्तोलक विजय भविष्य के आकांक्षी के रूप में अपने देश को गौरवान्वित करने और खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक प्राप्त करना चाहते हैं।
विजय का कहना है कि आजकल, खेल बहुत अच्छी तरह से बढ़ रहा है और एक खिलाड़ी को खेल से शानदार जीवन जीने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि, मैं बस हर दिन खेल में बेहतर बनना चाहता हूं।

## बेन स्टोक्स ने हासिल की कुछ खास चीजें: ब्रेंडन मैकुलम

**हैमिल्टन , 09 फरवरी 2023।** इंग्लैंड के रेड-बॉल कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह कप्तान बेन स्टोक्स को अपनी खुद की स्क्रिप्ट लिखने और टेस्ट क्रिकेट में कुछ खास चीजें हासिल करने से खुश हैं क्योंकि वे आगामी दो मैचों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड के साथ खेलने के लिए तैयार हैं।



जब से मैकुलम और स्टोक्स ने पिछले साल पदभार संभाला है, तब से इंग्लैंड का प्रदर्शन अच्छा रहा है, 10 मैचों में नौ जीत दर्ज की, न्यूजीलैंड के साथ-साथ घर में दक्षिण अफ्रीका पर श्रृंखला जीत दर्ज की, इसके अलावा भारत पर जीत दर्ज की, उसके बाद क्लीन स्वीप किया पाकिस्तान में, और टेस्ट क्रिकेट में निडर खेल के एक नए युग की शुरुआत।
कप्तान प्रभारी के साथ, मुझे यकीन नहीं है कि इस पक्ष के लिए क्या संभव है क्योंकि वह एक ऐसा व्यक्ति है जो अपनी स्क्रिप्ट लिखता है और कुछ विशेष चीजें हासिल करता है। मुझे पता है कि इस टीम के लिए उसकी योजनाएं काफी ऊंची हैं और वह कोशिश करेगा सवारी के लिए लड़कों को घसीटने के लिए वह क्या कर सकता है, ÷मैकुलम को स्काई स्पोर्ट्स द्वारा हेमिल्टन में पत्रकारों से बात करते हुए उद्धृत किया गया था।

## सबसे तेज 450 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने रविचंद्रन अश्विन

**नागपुर (महाराष्ट्र) ,09 फ रवरी 2023।** भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के दौरान रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।



अश्विन श्रीलंकाई दिग्गज मुथैया मुरलीधरन के बाद खेले गए टेस्ट के मामले में 450 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए, जिन्होंने 80 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। मुरलीधरन के 80 मैचों की तुलना में अश्विन को यह उपलब्धि हासिल करने में सिर्फ 89 मैच लगे।

## नोवाक जोकोविच,राफेल नडाल,इगा स्वोटेक इंडियन वेल्स प्रवेश सूची में शामिल

**कैलिफ़ोर्निया , 09 फरवरी 2023।** ¬इंडियन वेल्स ओपन, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के लिए पुरुषों की प्रवेश सूची में सबसे बड़े नामों में से दो, ईएसपीएन द्वारा रिपोर्ट किए गए दक्षिणी कैलिफोर्निया टूर्नामेंट में खेलने की संभावना नहीं है।
नोवाक जोकोविच को आगामी इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए प्रतियोगियों की सूची में जोड़ा गया था, लेकिन यह अनुमान लगाया गया है कि उनकी कोविड टीकाकरण स्थिति के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा निषिद्ध होगी।
रेगिस्तान में पांच बार के विजेता जोकोविच अपने टीकाकरण इतिहास के कारण पिछले साल की प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके थे।
इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के निदेशक टॉमी हास के अनुसार यह ÷अपमानजनक÷ होगा, अगर जोकोविच को इस साल संयुक्त राज्य अमेरिका में किसी अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने से रोक दिया गया।
दुनिया के सबसे प्रसिद्ध गैर-टीकाकृत खिलाड़ियों में से एक, जोकोविच, 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन से चूक गए।
ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में उनकी जीत ने उन्हें



रिकॉर्ड 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब और वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने इस वर्ष इस कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया।
जोकोविच प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ होने पर भी इंडियन वेल्स में प्रदर्शन पर एक टन गुणवत्ता होगी।
दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर होने के बाद इंडियन वेल्स में वापसी करेंगे। अलकराज पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचे थे। नंबर 3 स्टेफानोस सितसिपास, नंबर 4 कैस्पर रूड और नंबर 5 एंड्री रुबलेव भी प्रतियोगी हैं। टेलर फ्रिट्ज डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेंगे।
वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वोटेक अपनी चैंपियनशिप का बचाव करने के लिए वापसी करेंगी। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की उपविजेता और चैंपियन आर्यना सबलेंका के साथ शामिल होंगी।
ओन्स जबूर, नंबर 3, जेसिका पेगुला, नंबर 4, कैरोलीन गार्सिया, और नंबर 6 कोको गौफ भी सूची में हैं।
क्वालीफाइंग इवेंट के विजेता और वाइल्ड कार्ड प्राप्त करने वाले, जिनके नाम आने वाले हफ्तों में सामने आएंगे, ड्रॉ में बची हुई सीटों को भरेंगे।

## सलमान ने पूरी की किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग

बॉलीवुड के मशहूर एक्टर सलमान खान ने अपने अंदाज से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जल्द ही सलमान खान फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आने वाले हैं और खास बात तो यह है कि उन्होंने अपकमिंग मूवी की शूटिंग भी पूरी कर ली है। सलमान खान ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी होने पर फैंस भी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने ट्विटर पर ट्रेंड तक शुरू कर दिया है।




सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से किसी का भाई किसी की जान की तस्वीर साझा करते हुए बताया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर ने फोटो को इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा, किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी हो गई है। ईद 2023। जान कुमार सानू, राजीव राय और प्रतीक सहजपाल जैसे कई सितारों ने कमेंट कर उन्हें ढेर सारी बधाइयां दीं। प्रतीक सहजपाल ने सलमान खान की पोस्ट पर लिखा, गुड लक भाई। वहीं जान कुमार सानू ने इमोजी शेयर कर सलमान खान की पोस्ट पर रिएक्शन दिया।



## शहजादा की एक्ट्रेस कृति सेनन की ड्रेस में लगे इतने कट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की खूबसूरती और बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। वहीं, लेटेस्ट ब्लू आउटफिट में एक्ट्रेस कृति सेनन बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ब्लू कलर के कट आउट ड्रेस में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। कृति सेनन की कातिलाना अदाएं फैंस के दिलों को बेकरार किए हुए हैं। उनकी बोल्ड तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ब्लू कलर के बॉडीकॉन गाउन में सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। फैंस डीवा कृति सेनन की खूबसूरती पर अपना दिल हार बैठे हैं, साथ ही उनकी अदाएगी फैंस को काफी भा रही हैं। गोल्डन ईयरिंग्स के साथ मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस कृति सेनन गजब की बला लग रही हैं। कई कट के साथ एक्ट्रेस कृति सेनन अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड भी मिल चुका है। एक्ट्रेस कृति सेनन जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म शहजादा में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म सिनेमाघरों में 17 फरवरी को रिलीज हो रही हैं।




## गुरु रंधावा अभिनीत कुछ खट्टा हो जाए की शूटिंग पूरी हुई

फैमिली एंटरटेनर फिल्म कुछ खट्टा हो जाए, जो लाहौर के हिटमेकर गुरु रंधावा के बॉलीवुड में अभिनय की शुरूआत है, ने हाल ही में इसकी शूटिंग पूरी की। फिल्म में अनुपम खेर, सई एम मांजरेकर, इला अरुण, परितोष त्रिपाठी, अतुल श्रीवास्तव और परेश गनात्रा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।
फिल्म में संगीत का एक सही मिश्रण है और इसमें कुछ फुट-टैपिंग और भावपूर्ण संगीत है। फिल्म का इसका जश्न मनाने के लिए शहर में एक विशाल पार्टी भी आयोजित की गई जिसमें पूरी स्टार कास्ट ने भाग लिया और तस्वीरें वास्तव में आकर्षक हैं। कुछ खट्टा हो जाए को बड़े पैमाने पर आगरा के आकर्षक स्थानों पर शूट किया गया है और दर्शक निश्चित रूप से कुछ भव्य और असाधारण सेट की उम्मीद कर सकते हैं।
मच फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश करेगी और इसके बाद यह 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।













CMYK

# भानुप्रतापपुर में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा





» ट्रक ने ऑटो को मारी जोरदार टक्कर

» 7 स्कूली बच्चों की मौत ,2 गंभीर रूप से घायल

रायपुर/कांकेर,09 फ रवरी 2023(ए)। कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में हुई एक बड़ी दुर्घटना में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। भानुप्रतापपुर-कांकेर के बीच कोरर के पास यह भीषण हादसा हुआ है। यहां ट्रक और ऑटो के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों का गंभीर रूप से घायल हो गए थे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं हादसे की खबर मिलते ही मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी पहुँच गए हैं। खबर मिलने के बाद से परिजनों में हाहाकार मच गया है, प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना कर रहे हैं। बता दें कि ऑटो में ड्राइवर समेत कुल 9 लोग सवार थे, हादसे में 8 स्कूली बच्चों में से 7 की मौत हो गई है, एक बच्चे और ड्राइवर का इलाज कांकेर अस्पताल में जारी है।

## 7 स्कूली बच्चों की मौत पर सीएम बघेल ने जताया दुःख

### » प्रशासन को हर संभव मदद के दिए निर्देश

कांकेर जिला के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई. जिसमें 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है। हादसे पर सीएम भूपेश बघेल ने शोक जताया और प्रशासन को हर संभव मदद के निर्देश दिए।स्कूल की छुट्टी होने के बाद 12 बच्चे एक ऑटो में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान कोरर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना स्थल पर ही सात बच्चों की मौके पर मौत हो गई। वहीं 2 बच्चे घायल हो गए। इस घटना में ऑटो ड्रायवर भी गंभीर है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।



## आईजी दफ्तर में रेप पीड़िता की गुहार

### नारायण चंदेल के बेटे की अब तक नहीं हुई गिरफ्तारी

### युवती बोली-रसूखदार होने के कारण नहीं हुई गिरफ्तारी

बिलासपुर , 09 फ रवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पर रेप का आरोप लगाने वाली पीड़िता आईजी दफ्तर पहुंची. जहां पीड़िता ने आईजी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी पलाश चंदेल को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

पीड़िता ने बताया, कि बीते 19 जनवरी को लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद से अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है. पीड़िता ने जांच में असंतोष जताते हुए कहा कि, रसूखदार होने के कारण आरोपी के गिरफ्तारी में देरी की जा रही है.

पीड़िता ने कहा कि गिरफ्तारी में देरी से जांच प्रभावित हो सकती है. लिहाजा, पीड़िता ने आईजी से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बड़ी टीम बनाने और जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की है।

बता दें, कि बीजेपी विधायक और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल के ऊपर रायपुर के महिला थाना में दैहिक शोषण की शिकायत पर जुर्म दर्ज की गई है. पीड़िता जांजगीर चांपा जिले की रहने वाली है. यह बात भी सामने आई है कि पलाश और पीड़िता के बीच फेसबुक के जरिए संपर्क हुआ था. पीड़िता के मुताबिक 2018 के बाद दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई. इसके बाद पलाश ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ लगातार संबंध बनाए. 2021 में जब महिला गर्भवती हुई तो गर्भपात की दवा खिलाया. इसके बाद दोनों के बीच नोक झोंक बढ़ गई और अब पीड़िता ने पलाश के खिलाफ शिकायत कर दी.

बीते 19 जनवरी को पीड़िता ने रायपुर के महिला थाने में पलाश चंदेल के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया. एफआईआर दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है. आरोपी ने मामले में हाईकोर्ट में रिट पिटिशन दायर कर अपने खिलाफ हुए एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है. मामले की सुनवाई 10 फरवरी को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने पी.एच.डी.से संबंधित संशोधन प्रस्तावों का किया अनुमोदन

रायपुर, 09 फरवरी 2023 (ए)। राज्यपाल सह कुलाधिपति अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी



विश्वविद्यालय अधिनियम, 2004 के तहत पी.एच.डी. से संबंधित संशोधन प्रस्तावों का अनुमोदन किया है। अनुमोदित संशोधन के अनुसार धारा 39(2) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अध्यादेश क्रमांक-10 के माध्यम से धारा 3.2 तथा धारा 8.7 मे प्रस्तावित संशोधन का अनुमोदन किया है। धारा 3.2 को संशोधित करते हुए एक बिन्दु जोड़ा गया है। जिसके अनुसार अब विद्यार्थी पी.एच.डी करने के लिए बी.ई/बी.टेक अथवा एम.ई/एम.टेक डिग्री से संबंधित किसी भी स्ट्रीम का चयन कर सकता है। इसी प्रकार धारा 8.7 में भी संशोधन किया गया है। जिसके अनुसार वर्तमान में यदि पी.एच.डी के अभ्यर्थी का चयन आर.डी.सी. में ना हो पाया हो अथवा आर.डी.सी में उपस्थित न हो पाये हो, ऐसे विशेष प्रकरणों में अब अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क के साथ पुनः आर.डी.सी के लिए आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति उक्त आवेदनों पर विचार कर निर्णय लेंगे।

# आरक्षण मामले पर मची घमासान

### राज्यपाल को हाईकोर्ट के नोटिस पर याचिका, दलील में कही बड़ी बात

बिलासपुर , 09 फ रवरी 2023 (ए)। आरक्षण विधेयक बिल को दो महीने से राजभवन में रोकने को लेकर राज्य शासन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि विधानसभा में विधेयक पारित होने के बाद राज्यपाल सिर्फ सहमति या असहमति दे सकते हैं। लेकिन, बिना किसी वजह के बिल को इस तरह से लंबे समय तक रोका नहीं जा सकता।

चार दिन पहले इसी याचिका की सुनवाई के बाद कोर्ट की सिंगल बेंच ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया था। छत्तीसगढ़ में आरक्षण के प्रतिशत में बढ़ोतरी करने को लेकर मचा घमासान थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। राज्य शासन की याचिका पर राजभवन को नोटिस की संवैधानिकता पर अब सवाल उठने लगा है।

राज्यपाल सचिवालय ने हाईकोर्ट की नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें कहा है कि आर्टिकल 361 के तहत किसी भी केस में राष्ट्रपति या राज्यपाल को पक्षकार



नहीं बनाया जा सकता। गुरुवार को इस मामले में अंतरिम राहत पर बहस के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रकरण में हाईकोर्ट की नोटिस पर रोक लगाने की मांग की गई है।

राज्य सरकार ने दो महीने पहले विधानसभा के विशेष सत्र में राज्य में विभिन्न वर्गों के आरक्षण को बढ़ा दिया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 फीसदी, ओबीसी के लिए 27 फीसदी, अनुसूचित जाति के लिए 13 फीसदी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 4 फीसदी आरक्षण कर दिया गया। इस विधेयक को राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया था। राज्यपाल अनुसूईया उइके ने इसे स्वीकृत करने से फिलहाल इनकार कर दिया है और अपने पास ही रखा है। राज्यपाल के विधेयक स्वीकृत नहीं करने को लेकर एडवोकेट हिमांक सलूजा ने और राज्य शासन ने याचिका लगाई थी। राज्य शासन ने आरक्षण विधेयक बिल को राज्यपाल की ओर से रोकने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस केस की सुनवाई के बाद राजभवन को नोटिस जारी की गई थी।

शासन की याचिका पर राजभवन को नोटिस जारी होने के बाद राज्यपाल सचिवालय की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें याचिका पर राजभवन को पक्षकार बनाने और हाईकोर्ट की नोटिस देने को चुनौती दी गई है।

राज्यपाल सचिवालय की तरफ से पूर्व असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल और सीबीआई व एनआईए के विशेष लोक अभियोजक बी गोपा कुमार ने तर्क देते हुए बताया कि संविधान की अनुच्छेद 361 में राष्ट्रपति और राज्यपाल को अपने कार्यालय की शक्तियों और काम को लेकर विशेषाधिकार है, जिसके लिए राष्ट्रपति और राज्यपाल किसी भी न्यायालय में जवाबदेह नहीं है।

इसके मुताबिक हाईकोर्ट को राजभवन को नोटिस जारी करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आरक्षण विधेयक बिल को राज्यपाल के पास भेजा गया है। लेकिन, इसमें समय सीमा तय नहीं है कि कितने दिन में बिल को निर्णय लेना है। याचिका के साथ ही उन्होंने अंतरिम राहत की मांग करते हुए तर्क दिया और कहा कि प्रथम दृष्टया में याचिका पर राजभवन को पक्षकार नहीं बनाया जा सकता। लिहाजा, हाईकोर्ट से जारी नोटिस पर रोक लगाई जाए। हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## 4 साल की बच्ची से रेप के आरोप में बस कंडक्टर और प्रिंसिपल गिरफ्तार



रायपुर , 09 फ रवरी 2023 (ए)। चार साल की मासूम से दुष्कर्म मामले में बस कंडक्टर को गिरफ्तार किया गया, वहीं स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते प्राचार्य को भी हिरासत में ले लिया गया। चार साल की मासूम से रेप मामले में स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

जांच करने पहुंची कवर्धा पुलिस की टीम को स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। पुलिस ने इस मामले में स्कूल के प्राचार्य जगदीश सांखला और बस कंडक्टर मुकेश को गिरफ्तार किया है। प्राचार्य की गिरफ्तारी लापरवाही मामले में की गई है। आज इस पूरे मामले का खुलासा कर एसपी कवर्धा लाल उमेद ने मीडिया को दी। घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र के एक निजी स्कूल की है।

यहां पढ़ने वाली चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म की शर्मनाक वारदात हुई, जिसकी शिकायत पीड़ित बच्ची की मां ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। पीड़ित परिजनों ने ये शिकायत 7 फरवरी को दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद इस मामले में जमकर हंगामा भी हुआ था। ,व्व्क्क के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपी को फांसी देने की मांग की थी।

जानकारी के मुताबिक, चार वर्षीय बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची थी। पूछताछ करने पर बच्ची ने अपने साथ गंदा काम होने की बात कही, जिसके बाद इसकी शिकायत परिजनों ने कवर्धा पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए 2 आरोपियों को पकड़ा है। फिलहाल अभी ये बात स्पष्ट नहीं हो पाई है कि बच्ची के साथ स्कूल में दुष्कर्म हुआ था या फिर कहीं और। पुलिस मामले में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# झीरम मामले पर कुछ नहीं कर पाई कांग्रेस : अजय चंद्राकर



रायपुर, 09 फ रवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व राज्य शासन के पूर्व वरिष्ठ मंत्री अजय चंद्राकर ने झीरम घाटी कांड न्यायिक जांच आयोग का कार्यकाल 6 माह बढ़ाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि झीरम का सच सबके सामने है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जांच आयोग बनाने की कोई जरूरत नहीं थी। झीरम कांड के प्रत्यक्षदर्शी कवासी लखमा तो उनकी सरकार में मंत्री हैं। भूपेश बघेल उनसे पूछ लें। वे जिसका नाम लें, भूपेश उसे फांसी पर लटकवा दें। कवासी लखमा से तो रोज पूछताछ होनी चाहिए। झीरम के पीड़ितों को चार साल में क्या मिला?

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जांच आयोग बनाने की जरूरत नहीं थी लेकिन कांग्रेस को राजनीति करनी है। यदि जांच रिपोर्ट समय पर आएगी तो कांग्रेस इस मुद्दे पर क्या राजनीति करेगी। उन्होंने भूपेश बघेल सरकार द्वारा बनाई गई कमेटियों के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इतनी कमेटी बनाई, कई जांच आयोग बनाए, उनमें से किसी की भी जांच रिपोर्ट नहीं आई। उन्होंने कहा कि क्या शराबबंदी कमेटियों की रिपोर्ट आई, क्या स्काईवॉक कमेटियों की रिपोर्ट आई, क्या भूपेश बघेल सरकार द्वारा गठित झीरम जांच आयोग की रिपोर्ट आई? जब प्रत्यक्षदर्शी कांग्रेस सरकार में मंत्री है तो उनसे ही पूछ लें कि सच क्या है। हो गई जांच और क्या। नाटक बंद करना चाहिए।



### झीरम घटना भाजपा के राज में हुआ है, अजय चंद्राकर मानसिक दिवालिया से गुजर रहे हैं उन्हें इलाज की ज़रूरत है: विक्रम मंडावी

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के द्वारा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा पर दिये गए बयान पर पलटवार करते हुए बीजापुर के विधायक व बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मड़ावी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ÷ भाजपा और उनके नेताओं को झूट और अफ़वाह फैलाने में महारत हासिल है भाजपा और अजय चंद्राकर को यह बताना चाहिए कि 15 सालों तक छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह मुख्यमंत्री थे भाजपा के इस सरकार में स्वयं अजय चंद्राकर विधायक और मंत्री रहे इनके शासन काल में न ही क़ानून व्यवस्था थी और न ही सुरक्षा व्यवस्था प्रदान किया जाता था जबकि सुरक्षा की ज़िम्मेदारी भाजपा और डॉक्टर रमन सिंह की ही थी भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा को हटा लिया सुरक्षा नहीं दिया जिसके चलते झीरम घटना हुई और कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रथम पंक्ति के नेताओं को खोया है भाजपा और विधायक अजय चंद्राकर यह कभी नहीं बतायेंगे।

विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि ÷ पूरी भाजपा और विधायक अजय चंद्राकर आदिवासी विरोधी है। कवासी लखमा जैसे ग़रीब आदिवासी आदमी विधायक और मंत्री बने ये भाजपा और अजय चंद्राकर कभी नहीं चाहते इसलिए इनके पेट में दर्द हो रहा है। विधायक अजय चंद्राकर मानसिक दिवालिया से गुजर रहे है उन्हें इलाज की सख़्त ज़रूरत है, प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल जी की सरकार ने प्रदेश भर में अस्पताल खोली है अजय चंद्राकर जी किसी एक अस्पताल में जाकर अपना बेहतर इलाज करवा ले इलाज का खर्चा सरकार देगी।

विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा 15 सालों तक सत्ता में रहने के दौरान तो कुछ नहीं किया लेकिन सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार प्रदेश के आदिवासी नेताओं को लेकर बेतुके बयान बाज़ी कर रही है जिसका जवाब भी आने वाले समय में आदिवासी समाज देगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा प्रदेश की जानता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है हर चुनाव में हो रहे हार के बौखलाहट से भाजपा और अजय चंद्राकर लगातार आदिवासी नेताओं पर अनर्गल बयान बाज़ी करने में लगे है जिससे वे मीडिया में बने रहे लेकिन प्रदेश की जानता भाजपा के कथनी और करनी को अच्छी तरह समझती है।



## आकस्मिक निधन

### लालजी चंद्रवंशी

कवर्धा , 09 फरवरी 2023 (ए)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व पंडरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे भगतपुर निवासी लालजी चंद्रवंशी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे पीडीएस संचालक



### प्रदेश के 73 लाख से अधिक लोगों को इतने दिनों तक नहीं मिला राशन

रायपुर , 09 फ रवरी 2023 (ए)। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर देशभर में राशन दुकान संचालक हड़ताल पर हैं. जिसका असर राजधानी रायपुर में भी देखा जा रहा है. प्रदेश भर की राशन दुकानें बंद हैं. जिसकी वजह से लोगों को दो दिन तक उचित मूल्य के दुकान से राशन नहीं मिल पाया।

बता दें कि, कोविड पीड़ित व्यापारियों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहें हैं. रायपुर के नगर निगम गार्डन में राशन दुकान संचालक एकत्रित होकर अपनी मांग कर रहे हैं. ऐसे में प्रदेश भर के 73 लाख 51 हजार 688 हितग्राहियों को दो दिनों तक राशन नहीं मिला. जिससे अब 10 फरवरी से राशन वितरण शुरू होगा।

जानकारी के अनुसार, संचालकों कि प्रमुख मांगों में 50 हजार रुपए मानदेय तय करना, पीएमजीकेएवाई योजना के तहत राशन का आवंटन करना, पश्चिम बंगाल का राशन मॉडल सभी राज्यों में लागू करना, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम की सिफारिशों को लागू करना और जूट के बोरों में खदान्न की आपूर्ति करने सहित कई मांगें हैं।

## बस्तर की बेटी ने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया

### » फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम क्लीयर कर बनी डॉक्टर आशिफा

### » चीन की यूनिवर्सिटी में किया एमबीबीएस का कोर्स



जगदलपुर,09 फ रवरी 2023 (ए)। बस्तर की बेटी ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत के दम पर अथक बस्तर के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ का नाम मान बढ़ाया है। इस बेटी ने चीन में एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद मेडिकल कौंसिल ऑफइंडिया द्वारा आयोजित फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम भी आसानी से क्लीयर कर लिया और भारत में कहीं भी मेडिकल प्रेक्टिस करने की पात्रता हासिल कर ली।

बचपन से ही पढ़ाई में तेज रही जगदलपुर निवासी आशिफा खान एफएमजीई पास कर डॉक्टर बन गई है। जगदलपुर निवासी मिरंजा खान की दूसरी बेटी आशिफा खान की प्राथमिक शिक्षा बाल विहार विद्यालय में हुई थी। तीन बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर की आशिफा बचपन से ही पढ़ाई में तेज रही है, आशिफा खान ने चीन की हार्बिन मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। विदेशी मेडिकल डिग्री की मान्यता प्राप्त करने के लिए आशिफा को मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा आयोजित फॉरेन ग्रेजुएशन एग्जाम का सामना करना पड़ा।

इस कठिन परीक्षा में भी आसानी से सफलता प्राप्त कर आशिफा भारत के किसी भी हिस्से में प्रेक्टिस करने की क्षमता रखने वाली डॉ. आशिफा खान बन गई। आशिफा खान के विदेशी डिग्रीधारी और मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त डॉक्टर बनने से जहां एक ओर परिजनों में खुशी की लहर है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम बिरादरी के साथ ही शहर में भी उल्लास है।

डॉ. आशिफा खान ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। शहर की इस बेटी ने जगदलपुर शहर, बस्तर संभाग और समूचे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।

# मेरे मंत्री बनने से अजय चंद्राकर को है तकलीफ : कवासी लखमा

बीजापुर ,09 फरवरी 2023 (ए)। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर मंत्री लखमा ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, उन्हें मेरे मंत्री बनने से तकलीफ है. जब सरकार उनकी थी, तब काफिले को सुरक्षा क्यों नहीं दी गई थी. वर्तमान में कांग्रेस सरकार भाजपा के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, केदार को पूरी सुरक्षा मुहैया करा रही है. अजय का बयान केवल उनका पागलपन है. चुनाव में शिकस्त का डर और मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए बेतुका बयानबाजी कर रहे हैं.




अजय चंद्राकर का बयान - छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व राज्य शासन के पूर्व वरिष्ठ मंत्री अजय चंद्राकर ने झीरम घाटी कांड न्यायिक जांच आयोग का कार्यकाल 6 माह बढ़ाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि झीरम का सच सबके सामने है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जांच आयोग बनाने की कोई जरूरत नहीं थी। झीरम कांड के प्रत्यक्षदर्शी कवासी लखमा तो उनकी सरकार में मंत्री हैं। भूपेश बघेल उनसे पूछ लें। वे जिसका नाम लें, भूपेश उसे फांसी पर लटकवा दें। कवासी लखमा से तो रोज पूछताछ होनी चाहिए। झीरम के पीड़ितों को चार साल में क्या मिला?

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जांच आयोग बनाने की जरूरत नहीं थी लेकिन कांग्रेस को राजनीति करनी है। यदि जांच रिपोर्ट समय पर आएगी तो कांग्रेस इस मुद्दे पर क्या राजनीति करेगी। उन्होंने भूपेश बघेल सरकार द्वारा बनाई गई कमेटियों के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इतनी कमेटी बनाई, कई जांच आयोग बनाए, उनमें से किसी की भी जांच रिपोर्ट नहीं आई। उन्होंने कहा कि क्या शराबबंदी कमेटियों की रिपोर्ट आई, क्या स्काईवॉक कमेटियों की रिपोर्ट आई, क्या भूपेश बघेल सरकार द्वारा गठित झीरम जांच आयोग की रिपोर्ट आई? जब प्रत्यक्षदर्शी कांग्रेस सरकार में मंत्री है तो उनसे ही पूछ लें कि सच क्या है। हो गई जांच और क्या। नाटक बंद करना चाहिए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)